हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 21 दिसंबर 2025
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



# शिवरात्रि कथा में डूबा पूरा गांव, भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नगपुरा में आयोजित शिव कथा के चौथे दिन शिवरात्रि विशेष कथा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया।

शिवरात्रि के पावन अवसर पर पूरा ग्राम हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा और वातावरण पूर्णतः शिवमय हो गया। इस दिन की कथा में शिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व, व्रत, जागरण और शिव भक्ति पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने बताया कि शिवरात्रि केवल पर्व नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और शिव से एकाकार होने का पर्व है। इस दिन सच्चे मन से की गई आराधना से महादेव



शीघ्र प्रसन्न होते हैं। कथा के इस पावन अवसर पर सरोज रिंगारी एवं भूपेद रिंगारी जी रहे। वहीं शिवरात्रि कथा के सफल आयोजन में मुख्य यजमान रिया लक्ष्मी साहू, लिकेश साहू, हेमंत देशमुख, बालकृष्ण निषाद एवं संदीप जैन की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगपुरा सरपंच सोमेश्वर यादव, सरपंच संघ अध्यक्ष राजू यादव, प्रेमलता यादव, जूही संजय चौबे एवं प्रिया साहू (संयोजक, नागपुरा–दुर्ग) का सराहनीय सहयोग रहा। साथ ही साथ पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग माया बेलचंदन, वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मीकांत दुबे सहित क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## याद किया वीर नारायण का शौर्य



**जामगांव आर।** छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह का शौर्य दिवस ग्राम खोला मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने कहा कि वीर नारायण सिंह का बलिदान केवल इतिहास नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान और पराक्रम की अमर कहानी है। आयोजन में नारद साहू अध्यक्ष भाजयुमो दक्षिण पाटन, श्रीमती पुष्पलता पिंटू जांगड़े, लक्ष्मण कोठारी उपसरपंच, देवेशवरी,सोहद्रा, तारनी पंच खिलावान ध्रुव, रवि, सोनशाय साहू, कमलेश यादव और अभिषेक सेन आदि विशेष तौर पर उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के संचालन शीतल कोठारी ने किया।

















| सोलर प्लांट की क्षमता | केंद्रीय सब्सिडी | राज्य सब्सिडी | टोटल सब्सिडी |
|---|---|---|---|
| 1kw | ₹ 30,000/- | ₹ 15,000/- | ₹ 45,000/- |
| 2kw | ₹ 60,000/- | ₹ 30,000/- | ₹ 90,000/- |
| 3kw और उससे ऊपर | ₹ 78,000/- | ₹ 30,000/- | ₹ 1,08,000/- |

हम टॉप ब्रांड्स के साथ काम करते हैं

TATA POWER · adani Power · WAAREE · UTL · MICROTEK · LUMINOUS · POLYCAB · KEI Wires & Cables · HAVELLS · Deye

रेजॉय सोलर पावर प्रा. लि.

प्रगति नगर, रिसाली भिलाई, नजदीक-समायरा इन, छत्तीसगढ़
संपर्क करें : +91 97705-77527, +91 93003-41573



हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 21 दिसंबर 2025

14 चिखली में नाली निर्माण के दौरान गड़बड़ी, रोजगार सहायक को नोटिस



15 खेती की उन्नत शैली को समझा विद्यार्थियो ने








न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


## खबर संक्षेप

### उतई-पाटन मार्ग के डिवाइडर से लोहे के ग्रिल उड़ा ले गया चोर

**भिलाई।** उतई-पाटन मार्ग के डिवाइडर में लगे लोहे के ग्रिल की चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात ने ग्रिल को पार कर दिया। इसके बाद लोक निर्माण विभाग ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। नेवई पुलिस ने बताया कि उतई-पाटन मार्ग पर लगे लोहे के ग्रिल की चोरी हो गई। चोरी से लोक निर्माण विभाग में हड़कंप मच गया है। सीएसवीटीयू मुक्तिधाम से लेकर सीआईएसएफ क्षेत्र तक सड़क पर डिवाइडर में लगी लोहे की ग्रिल लगा था, जिसे अज्ञात ने पार कर दिया। पुलिस के मुताबिक उतई-पाटन मार्ग में लगे सीआईएसएफ कैंटीन मोड़ तक कुल 244 नग ग्रिल की चोरी हुई। वहीं सीआईएसएफ गेट नंबर-3 से सीआईएसएफ भिलाई तक 22 नग ग्रिल गायब है। कुल 266 नग ग्रील की चोरी हुई है। प्रत्येक ग्रील का वजन करीब 50 किलोग्राम है।

### स्कूली छात्रों में मारपीट अपराध दर्ज

**भिलाई।** स्कूली छात्रों के आपसी रंजिश को लेकर चाकूबाजी की घटना सामने आई है। घटना में एक छात्र के बड़े भाई को काफी चोटें आई हैं। पद्मनाभपुर पुलिस के मुताबिक खालसा स्कूल के एक छात्र का अन्य दूसरे स्कूल के छात्र से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद उस समय शांत हो गया, लेकिन थोडे देर बाद अपने 10 से 11 दोस्तों के साथ भीड़ जुटा लिया। पीडित पर 19 दिसंबर को अचानक चाकू से हमला कर दिया। हमला इतना अचानक हुआ कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सभी छात्र नाबालिग है। 11वीं और 12वीं में अलग-अलग स्कूल में पढ़ते है। हमले के दौरान जब खालसा स्कूल के छात्र का बड़ा भाई केशव बीच-बचाव के लिए पहुंचा। छात्रों के मुताबिक पूरा मामला एक मामूली विवाद के कारण उपजा था। चाकू से हमला करने वाले आरोपी युवक आपराधिक प्रवृत्ति का होना बताया गया है।

रामनगर मुक्तिधाम में निगम उपलब्ध नहीं करा पा रही अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी

# दम तोड़ रही संवेदनशील योजना, 3600 रुपए खर्च कर शवदाह के लिए खरीद रहे मार्केट से लकड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगरनिगम द्वारा अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी मुहैया करवाने की योजना इन दिनों दम तोड़ दी है। महत्वपूर्ण और संवेदनशील इस योजना का हाल यह है कि रामनगर मुक्तिधाम में शवदाह के लिए लकड़ी खत्म हो गई है। केवल बेस के लिए चार मोटी लकड़ी मृतक के परिजनों को दे पा रहे हैं। बाकी शेष लकड़ी मार्केट से परिजन खरीदकर अंतिम क्रिया करने मजबूर हैं। मार्केट से लकड़ी खरीदने में ही मृतक परिवार को करीब 3600 रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं।



### स्व. भसीन ने शुरू करवाई थी यह योजना

रामनगर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी मुहैया करवाने की योजना वैशालीनगर के तत्कालीन विधायक स्व. विद्यारतन भसीन द्वारा शुरू की गई थी। इस योजना के तहत भिलाई निगम 101 रुपए मात्र शुल्क लेकर दाह संस्कार के लिए लकड़ी उपलब्ध कराती रही है। लेकिन इन दिनों केवल बेस के लिए चार मोटी लकड़ी ही दे पा रहे हैं। इस तरह यह योजना ही अंतिम सांसे ले रही है।

### जोन आयुक्त से शिकायत

रामनगर मुक्तिधाम में पिछले तीन दिन से शवदाह के लिए लकड़ी नहीं मिल पा रहा है। केवल चार लकड़ी बेस के लिए दे रहे हैं। वह भी खत्म होने को है। जोन आयुक्त से मैंने चर्चा कर लकड़ी उपलब्ध करवाने की कोशिश की लेकिन उनका कहना है कि ठेकेदार का भुगतान रूका है इसलिए दिक्कत आ रही है। **-नोहर वर्मा,** पार्षद

### तीन दिन से परिजन मार्केट से लाकर कर रहे शवदाह

रामनगर मुक्तिधाम में पिछले तीन दिन से शवदाह के लिए लकड़ी नहीं मिल पा रही है। शवदाह करने आए लोगों ने बताया कि बेस के लिए चार मोटी लकड़ी जरूर यहां से मिल रही है लेकिन बाकी लकड़ियों का इंतजाम हमें मार्केट से लाकर करना पड़ रहा है। इस पर करीब 3600 रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। उनका कहना है कि निगम लोगों से भरपूर टैक्स वसूल रही है। उसके बाद भी अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील मसले को हासिए में डाल रही है। रामनगर मुक्तिधाम में आसपास के कई वार्ड जुड़े हैं। जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर तबके के लोग ज्यादा हैं। ऐसे लोगों को इस योजना से बड़ी राहत मिल जाती है।

### हर दिन 22 शव आते हैं अंतिम संस्कार के लिए

रामनगर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के लिए 33 जगह बनाए गए हैं। जिसमें से इन दिनों रोजाना 22 शवों के अंतिम संस्कार हो रहे हैं। दुखद पहलू यह है कि जब लोग यहां अंतिम संस्कार करने के लिए शव लेकर पहुंचते हैं तब उन्हे यह जानकारी मिलती है कि लकड़ी की पूरी व्यवस्था यहां नहीं है। ऐसी स्थिति में शव रखकर आनन-फानन में परिजन लकड़ी का इंतजाम करने में जुटते हैं। कभी परिवहन के लिए वाहन मिलता है तो कभी देरी से। इस तरह शव का अंतिम संस्कार करने में भी ज्यादा समय गंवाना पड़ रहा है।

### ठेकेदार का भुगतान रूका

पार्षदों के मुताबिक जिस ठेकेदार को शवदाह के लिए लकड़ी का ठेका दिया गया है उसका भुगतान लंबित है। इसलिए ठेकेदार लकड़ी खरीदकर मुक्तिधाम में नहीं ला पा रहा है। ठेकेदार का करीब 40 लाख रुपए बकाया होने की बात सामने आई है। जिसमें से केवल 5 लाख का भुगतान हुआ है। शेष 35 हजार रुपए की वजह से ठेकेदार लकड़ी की व्यवस्था नहीं कर पाया है।

# छात्रा का बनाया अश्लील वीडियो ब्लेकमेल कर वसूला 9.50 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बीबीए की छात्रा के साथ अनाचार कर उसका अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि दीपक ठाकुर नामक युवक ने बीबीए की छात्र को सीएफए (चार्टर्ड फाइनेंशियल एनालस्टि) में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन देकर होटल में बुलाया। जहां उसके साथ अनाचार किया। वीडियो बनाकर छात्रा को ब्लैकमेल कर 9.50 लाख रुपए वसूला। छात्रा को ब्लैकमेल कर लगातार अनाचार करते रहा। घटना 16 दिसंबर स्मृति नगर चौकी क्षेत्र की है। आरोपी दीपक से बीबीए के सेमेस्टर परीक्षा के दौरान छात्रा का आरोपी से मुलाकात हुई थी। 9 अगस्त 2025 को दीपक ठाकुर ने छात्रा को फोन कर भिलाई के होटल लैंडमार्क में सीएफए कोर्स का फॉर्म भरने का झांसा देकर बुलाया था। इस दौरान दीपक ठाकुर ने होटल में जबरन छात्रा से अनाचार किया। छिपकर छात्रा का अश्लील वीडियो भी बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर छात्रा को डराया और शांत करहने की धमकी दी थी। छात्रा ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने 1 नवंबर 2025 को फिर से होटल लैंडमार्क बुलाया था। जहां दोबारा उसकी मर्जी के खिलाफ अनाचार किया। सीएएफ कोर्स में प्रवेश दिलाने के नाम पर बड़ी रकम की डिमांड किया। आरोपी की धमकियों से डरकर छात्रा ने 7 लाख 50 हजार रुपए नगदी आरोपी को दिया।

### ट्रांजेक्शन रिकॉर्ड और डिजिटल सबूतों की जांच

पुलिस ने बताया कि शोषण और ब्लैकमेलिंग से परेशान छात्रा ने स्मृति नगर पुलिस चौकी पहुंची। 16 दिसंबर को आरोपी दीपक ठाकुर के खिलाफ धारा 64(2)(एम) और 308(2) के तहत जुर्म दर्ज किया। अपराध दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश में आरोपी के ठिकानों पर दबिश दी गई। दीपक को पकड़कर पूछताछ किया गया। आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ट्रांजेक्शन रिकॉर्ड और डिजिटल सबूतों की जांच में जुटी है।

# अहाता संचालक ने आरक्षक से की मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

▪ स्मृति नगर पुलिस चौकी क्षेत्र की घटना, आरोपी ने जेब से पैसे भी निकाले

शराब भठ्ठी के पास बाथरूम करने वाले आरक्षक के साथ जमकर मारपीट कर जेब में रखे रकम को निकलने का मामला सामने आया है।शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दारा धारा 309(6) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि 15 दिसंबर की रात शराब अहाते का संचालक और उसके साथियों ने मिलकर आरक्षक हरि नगर कातुलबोर्ड दुर्ग निवासी मोहम्मद कैफ से जमकर मारपीट की। आरक्षक ने शराब भट्टी के पास बाथरूम किया था। इसके विरोध में संचालक ने आरक्षक की पिटाई कर दी। उसके ढाई हजार रुपए भी निकाल लिए। आरक्षक को स्टील पाइप और उसके लकड़ी की बल्लियों से भी मारा गया है। पीड़ित आरक्षक मोहम्मद कैफ घटना की रात 9:30 बजे अपने घर जाने के लिए निकला था। प्रथम बटालियन भिलाई गेट के सामने स्थित देशी-अंग्रेजी शराब भट्टी है। जहां पर आरक्षक बाथरूम जाने के लिए रुक था। शराब भट्टी का अहाता संचालक करण सिंह व उसके साथियों ने मिलकर मारपीट की। अहाता संचालक करण सिंह और उसके साथियों ने बाथरूम करने को लेकर विरोध करते हुए गाली-गलौज करना शुरू किया।

घटना में आरक्षक मोहम्मद कैफ के सिर और बाएं कंधे में चोट आई है। उसके बाद अपने दोस्त विनोद सिंह और शेख सुहेल को दी। दोनों दोस्त उसे लेकर चौकी स्मृति नगर पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि पीड़ित आरक्षक वाहन चालक है। पुलिस ने बताया कि मामले में अपराध दर्ज कर लिया गया है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# डीआरएम दयानंद ने किया पीपी यार्ड का निरीक्षण

**भिलाई।** रेलवे डीआरएम दयानंद विभागीय अधिकारियों के साथ आरओएच डिपो, पीपी यार्ड भिलाई तीन का निरीक्षण करने शनिवार को पहुंचे थे। इस दौरान कार्य की प्रगति, गतिविधियों, सुरक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के पीपी यार्ड भिलाई 3 में ब्रेक वैन के उन्नयन का कार्य शुरु किया।

रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृत रोलिंग स्टॉक प्रोग्राम कार्यक्रम के निर्देशो के अनुसार निष्पादित किया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत एक वर्ष की अवधि में पीपीयार्ड भिलाई द्वारा कुल 170 ब्रेक वैन का उन्नयन किया जाएगा। उन्नयन कार्य ब्रेक वैन में उपलब्ध सीमित सुविधाओं के कारण ट्रेन प्रबंधकों को होने वाली शारीरिक थकान को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। परियोजना के अंतर्गत ब्रेक वैन में कई महत्वपूर्ण एवं उपयोगी सुविधाए प्रदान की जा रही हैं।


एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
NABH Certified
24x7 EMERGENCY SERVICES
श्वसन चिकित्सा, एलर्जी और निद्रा चिकित्सा विभाग
डॉ. तिलेश खुसरो
MBBS
MD (Respiratory Medicine)



रोग
- निमोनिया
- दमा (COPD अस्थमा)
- टी.बी. (क्षयरोग )
- नींद संबंधी विकार (Sleep Apnea)
- एलर्जी
- एलर्जिक ब्रोंकाइटिस
- फेफड़ों का कैंसर एवं अन्य विकार

उपलब्ध सेवाएँ
- प्ल्यूरल टैपिंग
- इंट्रा प्ल्यूरल फिब्रिनोलाइसिस (IPFT)
- इंट्रा प्ल्यूरल प्ल्यूरोडेसिस
- ब्रोंकोस्कोपी
- इंटरकॉस्टल ड्रेनेज
- स्पाईरोमेट्री
- मेडिकल थोरैकोस्कोपी
- पॉलीसोम्नोग्राफी

Deepak Advts.
स्पर्श मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
रामनगर, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
0788-4052040 | 77730 10941
CALL FOR EMERGENCY 62691 62691


# भूपेश बघेल के खिलाफ आपत्तिजनक प्रश्नावली के सर्वे को लेकर बवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

▪ कांग्रेस के नेताओं ने भट्ठी थाने पहुंचकर दर्ज कराई शिकायत

भट्ठी थाना अंतर्गत खुर्सीपार में वार्ड इंडिया थिंग्स राजनगर गाजियाबाज यूपी की कंपनी द्वारा सर्वे किए जाने को लेकर बवाल मच गया है। इसे लेकर शनिवार की देरात कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भट्ठा थाने में जमकर हंगामा किया।

मामले को लेकर थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में कहा गया कि कंपनी द्वारा सर्वे के आड़ में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बदनाम करने की साजिश की जा रही है। सर्वे में 22 से 23 प्रश्नों के उत्तर लोगों से लिए जा रहे हैं। इसमें भूपेश बघेल का कोल और शराब घोटाले में नाम सामने आने, उनकी गिरफ्तारी, उनके बेटे चैतन्य को लेकर लगे आरोप सहित अन्य विषयों के बारे में आपत्तिजनक प्रश्न के उत्तर पूछे जा रहे हैं। सर्वे दल में 4 पुरुष और दो महिला हैं। इस जानकारी के बाद पहले सर्वे दल को कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पकड़ा। बाद में पुलिस मौके पर पहुंचे। उन्हें थाने लेकर आई।

जहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। इस दौरान शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, राकेश ठाकुर, मुकेश चंद्राकर, मेयर नीरज पाल, क्षितिज चंद्राकर, मनीष बंछोर , नजरूल खान सहित अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

उन्होंने मामले को लेकर थाने में शिकायत दर्ज कराई। साथ ही एफआईआर दर्ज नहीं करने की स्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। इधर पुलिस ने मामले में शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।


सुमीत बाजार™
आज का स्पेशल ऑफर
MRP. ₹ 999 से ₹ 1299 प्रति पीस वाले
प्रीमियम क्वालिटी डिजिटल प्रिंट मेन्स कुर्ता



हल्दी, कार्नीवाली, बारात, पूजा एवं पार्टी के लिये उपयोगी
आकर्षक प्रिंट्स एवं डिजाईन्स में मेन्स कुर्ता ₹333 में
साईज उपलब्धतानुसार... ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक....
सुधीर एक्सरे के सामने, सुपेला भिलाई
गुरुद्वारा रोड, दुर्ग ● सुमीत जंक्शन, पद्मनाभपुर रोड, पुलगांव चौक, दुर्ग
*condition apply

## खबर संक्षेप



### छग सर्व समाज संगठन की त्रैवार्षिक आम चुनाव की घोषणा

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के त्रैवार्षिक आम चुनाव-2025 के आम चुनाव की घोषणा के साथ मतदाता सूची का प्रकाशन 20 दिसंबर को मुख्य चुनाव अधिकारी प्रेमचंद देवांगन की उपस्थिति में निर्वाचन कार्यक्रम सामुदायिक भवन बड़ा शिव मंदिर पांच बिल्डिंग में किया गया। उक्त चुनाव में अध्यक्ष 1, उपाध्यक्ष1, सचिव 1, कोषाध्यक्ष 1, संयुक्त सचिव 1 पद का निर्वाचन होगा। मतदान का 25 दिसंबर को दोपहर 12 से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। घोषणा अनुसार छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के त्रैवार्षिक आमचुनाव एवं आमसभा 25 दिसंबर को आयोजित है। मतदाता चुनाव प्रकाशन के दौरा संगठन के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष मेधनाथ यादव, प्रदेश संयोजक ब्रम्हदेव पटेल, प्रदेश महामंत्री लखन लाल साहू, कोषाध्यक्ष जीवन सिन्हा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुरूप साहू, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष भानु प्रताप यादव एवं मेघदत्त साहू उपस्थित थे। यह जानकारी संगठन के चुनाव कार्यक्रम मीडिया प्रभारी भानु प्रताप यादव ने दी।

### विश्व ध्यान दिवस आज



**भिलाई।** भारत एक बार फिर से 21 दिसंबर को नया कीर्तिमान स्थापित करने जा रहा है विश्व विख्यात आध्यात्मिक गुरु एवं शांति दूत श्रीश्री रविशंकर ने शांतिपूर्ण विश्व के लिए एक साथ ध्यान करने का आह्वान किया है। कम से कम 25 लाख लोगों को इस वर्ल्ड मेडिटेशन डे के महाअभियान में ध्यान कराना गुरुदेव का संकल्प है। आर्ट ऑफ लिविंग के छत्तीसगढ़ स्टेट टीचर कोआर्डिनेटर प्रभात कुमार एवं अमन बेलचंदन ने ऑनलाइन के माध्यम से लाखों लोग ध्यान में शामिल होंगे। लिंक के माध्यम से 21 दिसंबर की रात 8.30 बजे लाइव जुड़ सकते हैं।

# बाजार मूल्य के निर्धारण में कुओं, बोर जैसी परिसंपत्ति की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले के 7 गांव के 300 से अधिक किसानों का सामूहिक आवेदन प्रशासन को सौंपकर परिसंपत्ति के आधार पर बाजार मूल्य का निर्धारण की मांग की है। उन्होंने समानता, पारदर्शिता एवं भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने की अपील की है। पुरई, पाउवारा, कोड़िया, चंदखुरी, भानपुरी, चंगोरी, बिरझर एवं थनौद के लगभग 300 से अधिक किसानों ने वर्ष 2025–26 की नवीन गाइडलाइन दरों तथा भूमि अर्जन, भूमि मूल्यांकन प्रक्रिया में हालिया परिवर्तनों को लेकर जिला पंजीयक प्रियंका श्रीरंगे को भी प्रतिलिपि सौंपी।

किसानों ने अपने आवेदन में स्पष्ट किया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि का वास्तविक बाजार मूल्य केवल भूमि से निर्धारित नहीं होता, बल्कि उस पर स्थित कुओं, बोर, ट्यूबवेल, बाड़ी, फलदार वृक्ष, सब्जी, खेती के पौधे, बाउंड्रीवॉल, प्लिंथ, मकान, जलकौध एवं अन्य जलनिकाय व संरचनाएं मूल्य निर्धारण का अभिन्न हिस्सा हैं। इन परिसंपत्तियों को भूमि मूल्यांकन से पृथक या सीमित करना अन्यायपूर्ण होगा तथा इससे वास्तविक बाजार मूल्य परिलक्षित नहीं होगा।

## आठ गांव के 300 से ज्यादा ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को गिनाई कमियां

### दो फसली जमीन का 25 प्रतिशत अतिरिक्त मूल्यांकन हो

किसानों ने कहा कि दो-फसली भूमि पर प्रस्तावित 25% अतिरिक्त मूल्य लाभ को यथावत रखा जाए तथा उपरोक्त सभी संरचनाओं एवं संसाधनों का मूल्य भूमि मूल्य में पूर्ववत पूर्ण रूप से सम्मिलित किया जाए। 20 नवंबर को ग्रामीण क्षेत्रों में वर्गमीटर के स्थान पर हेक्टेयर दर से मूल्यांकन किए जाने के निर्णय पर आपत्ति दर्ज करते हुए किसानों ने कहा कि ग्रामीण भूमि की प्रकृति, उपयोग एवं विविधता को देखते हुए वर्गमीटर आधारित प्रणाली अधिक पारदर्शी, व्यावहारिक एवं न्यायसंगत है, अतः इसे ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए रखा जाना चाहिए।

### नई गाइडलाइन में निर्धारित दरें अनुपयुक्त

किसानों ने कहा कि 2025–26 की नवीन गाइडलाइन दरें ग्रामीण हित में उपयुक्त हैं। इनमें किसी प्रकार की कटौती स्वीकार्य नहीं है। यदि किसी प्रकार का संशोधन आवश्यक हो, तो वह केवल समान भौगोलिक एवं बाजार परिस्थितियों वाले सटे ग्रामों में संतुलन हेतु किया जाए, न कि किसी ग्राम की दर घटाने के लिए। भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि समान परिस्थितियों में अलग-अलग दरें निर्धारित करना समानता के अधिकार का उल्लंघन है।

### मांगों की अनदेखी पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

किसानों ने मांगों की अनदेखी किए जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। पुरई से दुर्गेश ठाकुर, भानपुरी से राजूलाल देशमुख, चंदखुरी से धर्मेंद्र देशमुख, पउवारा से धर्मेंद्र साहू, थनौद से दीपक, चंगोरी से तोरणराम ठाकुर सहित अन्य किसानों ने रेल परियोजना में दमनात्मक प्रक्रिया अपनाई जा रही है। उनका विरोध पूर्णतः शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं वैधानिक है। वे विकास के विरोधी नहीं हैं, बल्कि ऐसा विकास चाहते हैं, जो न्यायपूर्ण, पारदर्शी, संवैधानिक समानता पर आधारित हो।

## वार्ड 30 में समस्याओं का अंबार, मूलभूत सुविधाओं को भी तरस रहा वार्ड

# प्रगति नगर में पेयजल संकट, नालियों के ऊपर कब्जे की वजह से नहीं हो पा रही सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वार्ड परिक्रमा

नगर निगम अंतर्गत वार्ड क्रमांक 30 प्रगति नगर में नागरिक लंबे समय से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। हालात यह हैं कि नलों में पानी तो आता है, लेकिन बेहद कम प्रेशर के साथ। इससे घरों में रोजमर्रा की जरूरत के लिए भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों और निगम अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। पानी की अनियमित आपूर्ति के कारण खासतौर पर बुजुर्गों और महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पानी की समस्या के साथ-साथ वार्ड के कुछ इलाकों में साफ-सफाई की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। हालांकि नगर निगम द्वारा कचरा उठाने के लिए वाहन चलाया जा रहा है, इसके बावजूद कई स्थानों पर लोग खुले में कचरा फेंक रहे हैं, जिससे गंदगी फैल रही है। इसके अलावा वार्ड के कई हिस्सों में नालियों के ऊपर अवैध कब्जा और निर्माण कर लिया गया है। इससे नालियों की नियमित सफाई नहीं हो पा रही और बारिश के दिनों में जलभराव की आशंका बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि पानी की आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, नालियों से अवैध कब्जे हटाए जाएं और साफ-सफाई पर सख्ती से निगरानी रखी जाए, ताकि वार्ड 30 के लोगों को राहत मिल सके।

## गड्ढे वाली सड़कें वार्ड की पहचान, हर दिन हो रहे हादसे









### सड़कों पर कचरा फेंकने से बिगड़े हालात



गुपचुप मोहल्ले में पानी की समस्या के साथ अब गंदगी भी बड़ी परेशानी बनती जा रही है। स्थानीय निवासी संतोष गुप्ता ने बताया कि कई लोग कचरा नगर निगम के वाहन में डालने के बजाय सड़कों पर ही फेंक देते हैं। इससे गलियों में कचरे का ढेर लग जाता है और लोगों का गुजरना तक मुश्किल हो जाता है। सड़क पर फैला कचरा न सिर्फ बदबू और गंदगी फैला रहा है, बल्कि इससे बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ रहा है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति और ज्यादा परेशानी वाली बन गई है। कई बार दोपहिया और पैदल चलने वालों को कचरे के बीच से निकलना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम द्वारा कचरा उठाने के लिए नियमित रूप से वाहन भेजा जाता है, लेकिन इसके बावजूद कुछ लोग लापरवाही बरत रहे हैं। संतोष गुप्ता ने अपील की कि नागरिकों को जिम्मेदारी निभाते हुए कचरा सीधे निगम के कचरा वाहन में ही डालना चाहिए। साथ ही उन्होंने मांग की कि सड़क पर कचरा फैलाने वालों के खिलाफ नगर निगम सख्त कार्रवाई करे। जुर्माना और निगरानी बढ़ाने से ही इस समस्या पर काबू पाया जा सकता है।

### गुपचुप मोहल्ला सालों से पानी संकट की गिरफ्त में



गुपचुप मोहल्ले में बीते कई वर्षों से पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। हालात यह हैं कि नलों में रोजाना सिर्फ आधे घंटे के लिए पानी की सप्लाई होती है, वह भी बेहद कम प्रेशर के साथ। इस कारण अधिकांश परिवार जरूरत भर पानी तक नहीं भर पाते। स्थानीय निवासी पी. राजलक्ष्मी और बबली सिंह राजपूत ने बताया कि कम प्रेशर के चलते बाल्टी और ड्रम भरना भी मुश्किल हो जाता है। मजबूरी में जिन घरों में मोटर पंप लगे हैं, उनसे पाइप के जरिए पानी मांगकर काम चलाना पड़ता है। गर्मी के दिनों में हालात और ज्यादा खराब हो जाते हैं। पानी की मांग बढ़ने के बावजूद सप्लाई में कोई सुधार नहीं होता। कई बार तो लोगों को नहाने, खाना बनाने और पीने के पानी के लिए भी जूझना पड़ता है। एक हैंडपंप लगा हुआ है जिसमें पीला व गंदा पानी निकलता है। उसके संधारण की आवश्यकता है। नागरिकों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर निर्वाचित जनप्रतिनिधि से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका मोबाइल नंबर कई दिनों से बंद आ रहा है। वहीं पार्षद से भी बार-बार शिकायत की गई, बावजूद इसके अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला।

# चिखली में नाली निर्माण के दौरान गड़बड़ी, रोजगार सहायक को नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे ने चिखली और जेवरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों की गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा की गई। निरीक्षण में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी आवासों का निर्माण गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। साथ ही मनरेगा अंतर्गत हितग्राहियों को 90 दिवस की मजदूरी राशि का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम पंचायत चिखली में निर्माणाधीन कच्ची नाली में तकनीकी खामियां पाई गईं, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए रोजगार सहायक एवं तकनीकी सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिला सीईओ ने निर्देश दिए कि यदि नाले के गंदे पानी का डिस्चार्ज शिवनाथ नदी की ओर किया जा रहा है, तो उससे पूर्व थ्री-लेयर फिल्टर/सोक पिट जैसी संरचना का निर्माण अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि पानी फिल्टर होकर ही नदी में प्रवाहित हो।

### हफ्ते में एक दिन मनरेगा के कामों की होगी जांच

सीईओ ने कहा कि तकनीकी सहायक एवं मेट नोटिस जारी किया जाए। सप्ताह में कार्यों का अनिवार्य निरीक्षण किया जाए। प्राक्कलन के अनुरूप कार्य सुनिश्चित किया जाए। ग्राम पंचायत जेवरा में हितग्राही सेवक राम एवं काशी राम का जॉब कार्ड डिलीट होने के पश्चात पुनः जॉब कार्ड निर्माण में विलंब पाया गया, जिस पर कार्यक्रम अधिकारी एवं रोजगार सहायक को नोटिस जारी किया गया। इस कारण निर्माण कार्य में 90 दिवस की देरी होने की संभावना जताई गई।

### 90 दिन की मजदूरी जारी किए जाने के निर्देश

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत जेवरा की हितग्राही किरण यादव, मंजू साहू, एकम बाई, सेवक राम पटेल, काशी राम एवं अगसिया बाई को आवास निर्माण में गति लाने हेतु 90 दिवस की मजदूरी राशि जारी करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अटल डिजिटल सेवा केंद्र चिखली में मात्र 20 ट्रांजेक्शन पाए जाने पर जिला सीईओ द्वारा संबंधित वीएलई को नियमानुसार कार्रवाई करने कहा। सचिव के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु उपसंचालक संचायक को निर्देशित किया गया। अटल डिजिटल सेवा केंद्र के माध्यम से ग्रामीण नागरिक पेंशन, महतारी वंदना योजना, किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं की राशि निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

# प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि और शांति के लिए विधायक ने की प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

■ विधायक ललित ने 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में शामिल होकर दी आहुतियां

अंजोरा ख में आयोजित 24 कुण्डीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। उन्होंने मां गायत्री की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की।

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि गायत्री महायज्ञ एक ऐसा आयोजन है जो हमें अपने जीवन को पवित्र और सकारात्मक बनाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि मां गायत्री की पूजा अर्चना करने से हमें शांति, सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है। उन्होंने गायत्री परिवार के परिजनों को इस आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि यह आयोजन निश्चित रूप से प्रदेशवासियों के लिए एक पवित्र और सकारात्मक संदेश लेकर आएगा। सभी ने मिलकर मां गायत्री की पूजा अर्चना की और महा यज्ञ में अपनी आहुतियां अर्पित की। इस अवसर पर शांति कुंज टोली नायक डॉ. अशोक ढोटे, उपजोन समन्वयक एस पी सिंग, दुर्ग जिला समन्वयक लोकनाथ साहू, छग व उडिशा जोन संरक्षक के के विनोद सहित गायत्री परिवार के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# श्रीराम कथा महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में



**भिलाई/जामुल।** शिवपुरी स्टेडियम जामुल में 28 दिसंबर से 6 जनवरी तक दोपहर 1 बजे से आयोजित होने वाले दिव्य श्रीराम कथा महोत्सव की समस्त तैयारियां अब निर्णायक पूर्णता के चरण में पहुंच चुकी हैं। इस नौ दिवसीय महोत्सव के कथा व्यास अयोध्या से पधारे सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति के प्रख्यात विद्वान रामानुजाचार्य स्वामी डॉ. राघवाचार्य महाराज, श्रीधाम पीठाधीश्वर, श्रीराम लला सेवा सदन, रामकोट अयोध्या होंगे। कथा काल में देश के विभिन्न प्रांतों से संत, महंत, धर्माचार्य एवं विद्वत समाज की उपस्थिति आयोजन की गरिमा को और अधिक ऊंचाई प्रदान करेगी। आयोजन समिति के अनुसार प्रतिदिन 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की संभावित उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए दो लाख वर्गफुट से अधिक क्षेत्रफल में निर्मित विराट पंडाल लगभग पूर्ण हो चुका है। बैठने की समुचित व्यवस्था, सुरक्षा के व्यापक इंतजाम, यातायात नियंत्रण, चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था की गई है। आयोजन का शुभारंभ 28 दिसंबर को 11,111 मातृशक्तियों द्वारा निकाली जाने वाली भव्य एवं ऐतिहासिक कलश यात्रा से होगा। यह यात्रा प्रातः 11 बजे शिवपुरी स्टेडियम से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर संपन्न होगी।

# ग्राहकों का हो रहा शोषण, हेल्थ और एजुकेशन सेक्टर में हो रही अनाप-शनाप वसूली, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

■ अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा पखवाड़ा सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत आम उपभोक्ताओं को उनके अधिकार के प्रति जागरण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में ग्राहक पंचायत ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें ग्राहकों को संबंधित विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा अनेक प्रकार के शोषण का आरोप लगाया गया। उनकी समय समय पर आकस्मिक जांच कर उपभोक्ताओं को शोषण होने से बचाया जाए।



संस्था के प्रतिनिधि मंडल ने ग्राहक सुरक्षा एवं जागरूकता के लिए अभियान चलाए जाने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य रूप से पेट्रोल पंप की नियमित जांच, नापतौल, मिलावट, स्वच्छता, गुणवत्ता, पैकिंग एवं एक्सपायरी डेट की नियमित जांच, मरीजों के उपचार, बिलिंग, शैक्षणिक संस्थानों में मनमानी फीस वृद्धि सहित अन्य विषयों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर अध्यक्ष देवाशीष घोष, कृष्ण देशमुख, देवेंद्र कौशिक, धर्मेंद्र धामू, दिलीप देशमुख, संजय डहरवाल, गोपीचंद साहू, भैरू आवारे, अशोक कुमार माहौर, अक्षय वर्मा, देवनारायण वर्मा, रविंद्र दास कुलदीप चंद्रशेखर साहू, आनंद श्रीवास्तव, डॉ. झाम्रेश देशमुख, शिवकुमार निषाद, राहुल साहू, सुरेंद्र धमेकर, दिनेश साहू, प्रशांत जोशी आदि मौजूद थे।

## शहीद वीरनारायण सिंह की शहादत दिवस पर अर्पित की गई श्रद्धांजलि

# शहीद वीरनारायण के संघर्ष आज भी पीड़ितों का मार्गदर्शक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

■ पुस्तक का भी विमोचन

छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति एवं मेहनतकश आवास अधिकार संघ के तत्वावधान में शहीद वीरनारायण सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं मानवाधिकार अधिवक्ता सुधा भारद्वाज द्वारा जेल में लिखी गई पुस्तक का विमोचन किया गया। कलादास डेहरीया ने बताया कि शहीदों की स्मृति को केवल श्रद्धांजलि तक सीमित न रखते हुए उनके संघर्षों को आज की जन-लड़ाइयों से जोड़ना होगा। ऐसे कार्यक्रमों का यही उद्देश्य है। प्रदेश किसान संघ के अध्यक्ष सुदेश टेकाम ने कहा कि शहीद वीरनारायण सिंह और शहीद शंकर गुहा नियोगी का संघर्ष शोषित-पीड़ित जनता के लिए आज भी मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि आज की व्यवस्था उनके बलिदान और विचारों को दबाने का प्रयास कर रही है, लेकिन जनता की स्मृति से इन संघर्षों को मिटाया नहीं जा सकता।

गुरु घांसीदास सेवादार संघ के अध्यक्ष लाखन सुबोध ने कहा कि शहीद वीरनारायण सिंह के इतिहास को शहीद शंकर गुहा नियोगी ने खोजकर जनमानस के सामने लाया। उन्होंने बताया कि तत्कालीन सरकार को इस इतिहास से अवगत कराने के बाद ही वीरनारायण सिंह को राष्ट्रीय चेतना में स्थान मिला। अंग्रेजी सत्ता और सामंती ताकतों को उनका संघर्ष चुभता था, इसी कारण उन्हें फांसी की सजा दी गई।





### शहीदों के बताए रास्ते पर चलना ही असली शहादत


शहीद अस्पताल दल्ली राजहरा के डॉक्टर एवं डायरेक्टर डॉ. सायबल जाना ने कहा कि वीरनारायण सिंह का पहला शहादत दिवस सोनाखान और दल्ली राजहरा में मनाया गया था। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आज आवश्यकता केवल पूजा या स्मरण की नहीं, बल्कि उनके रास्ते पर चलने की है। अधिवक्ता कनक तिवारी ने वीरनारायण सिंह और शंकर गुहा नियोगी को याद करते हुए सुधा भारद्वाज की पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने भीमा कोरेगांव प्रकरण में सुधा भारद्वाज को फंसाया जाना कॉर्पोरेट-परस्त सरकार की राजनीतिक रंजिश का परिणाम बताया। इस अवसर पर चंद्रकला तारम, मालिनी सुब्रमण्यम, तुहीन देव, सालिनी गेरा सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम में बलौदा बाजार, धमतरी, राजनांदगांव, रायपुर, बिलासपुर, बालोद से आए प्रेम नारायण वर्मा, शेख अंसार, जुलेखा जबी, बसंत साहु राजेंद्र परगनिहा, सुरेंद्र मोहंती, कल्याण पटेल, महेश साहू, नीरा डेहरिया, नारायण राव सारदा आदि मौजूद थे।

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आलोक साहू आ. श्री बाबू लाल साहू, उम्रः-38 वर्ष लगभग, निवासीः- म.नं. 03, कदम कैपिटल टॉउन, वार्ड नं. 18, अंजोरा, अंजोरा पुलिस चौकी के पास, पो.-थनौद, तह. व जिलाः-दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि :- मैने अपना पुराना नाम आलोक कुमार साहू को त्याग कर नया नाम आलोक साहू रख लिया हूं, अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशसकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम आलोक साहू आ. श्री बाबू लाल साहू, से ही जाना पहचाना व पुकारा जावे।

आलोक साहू आ. श्री बाबू लाल साहू, उम्रः- 38 वर्ष लगभग, निवासी:- म.नं. 03, कदम कैपिटल टॉउन, वार्ड नं. 18, अंजोरा, अंजोरा पुलिस चौकी के पास, पो.-थनौद, तह. व जिला:-दुर्ग (छ.ग.)

जगजीवन आयुर्वेद



धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.

आज ही गारंटी से इलाज कराएं

शॉप नं. C11, महालक्ष्मी मार्केट, टॉकीज के नीचे, पुलगाँव चौक, दुर्ग
मो. 7869433660, 9399486858

## खबर संक्षेप



### खिलेश्वर महाराष्ट्र में करेंगे तबला वादन

**उतई।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय तबला वादन में प्रथम आने वाले खिलेश्वर साहू धनोरा निवासी राष्ट्रीय स्तरीय तबला वादन प्रतियोगिता में भाग लेने पुनः महाराष्ट्र रवाना हुए। उनके उज्जवल भविष्य के लिए सभी धनोरा ग्रामवासियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

### निर्मला को शारीरिक शिक्षा में पीएचडी



**भिलाई।** भिलाई निवासी शिक्षाविद् पी. निर्मला को झारखंड के बिश्रामपुर स्थित रामचन्द्र चन्द्रवंशी विश्वविद्यालय द्वारा शारीरिक शिक्षा विषय में डॉक्टरेट (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से दी गई। पी. निर्मला ने यह शोध कार्य अपने शोध निदेशक अरविंद कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। उनके शोध प्रबंध का विषय "असेसमेंट ऑफ़ साइकोलॉजिकल बर्नआउट इन इंटरकॉलेजिएट वॉलीबॉल प्लेयर्स ऑफ़ झारखंड" रहा, जिसमें कॉलेज स्तर के वॉलीबॉल खिलाड़ियों में मानसिक तनाव और बर्नआउट का अध्ययन किया गया है। वे पी. मुसलैय्या, सेवानिवृत्त भिलाई इस्पात संयंत्र कर्मचारी तथा पी. विजयलक्ष्मी की पुत्री हैं।

### हिंदू सम्मेलन आज

**कुम्हारी।** नगर के शहरी बेल्ट बस्ती वार्ड क्रमांक 15 में आज सर्व हिंदू समाज के तत्वावधान में एक विशाल हिंदू सम्मेलन 21 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शिव, हनुमान एवं शनि मंदिर के पास स्थित दुर्गा मैदान प्रांगण में संपन्न होगा। इस सम्मेलन की शुरुआत सुबह 11 बजे दीप प्रज्वलन और पूजा-अर्चना के साथ होगी। 11 से 12 बजे तक ग्राम पाहंदा के प्रसिद्ध पंडवानी गायक चेतन राम देवांगन द्वारा पंडवानी की प्रस्तुति दी जाएगी। दोपहर 12 बजे से प्रबुद्ध वक्ताओं का संबोधन शुरू होगा, जिसमें दुर्ग जिला व्यवस्था प्रमुख विजय आनंद, हिंदू जागरण मंच की जिला संयोजिका शकुंतला दास, राज्य न्यायिक विज्ञान के संचालक सुशील द्विवेदी और स्वयं सेवक शिरिष अग्रवाल अपने विचार रखेंगे।

## निधन

### शांति निरंकारी



**दुर्ग।** एचआईजी 19 पद्मनाभपुर दुर्ग निवासी शांति निरंकारी ( 85 वर्ष ) का 20 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 21 दिसंबर को दोपहर 12.30 बजे निवास स्थान से निकलेगी। अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे निरंकारी फर्नीचर के संचालक सर्वजीत व इंद्रजीत निरंकारी की मां एवं भिलाई नगर निगम से पार्षद व एमआईसी सदस्य संदीप निरंकारी की बड़ी मां थी।

### जयंतराम वर्मा



**दुर्ग।** रवेलीडीह के पूर्व सरपंच जयंतराम वर्मा का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में हुआ। वे भिलाई निगम कर्मचारी दामोदर वर्मा, शीतल वर्मा एवं हीराराम वर्मा के पिता थे।

### धरोहर प्रसाद टोडर



**सेलूद।** ग्राम बोहारडीह निवासी धरोहर प्रसाद टोडर (39) का शनिवार की शाम निधन हो गया। वह सन 2008 से शासकीय प्राथमिक शाला मटंग मे सहायक शिक्षक के रुप में पदस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार 21 दिसंबर को ग्राम बोहरडीह के मुक्तिधाम में दोपहर 12 बजे किया जायेगा।

---

### घना कोहरा छाए रहने की संभावना बनी

# तीन दिन न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की होगी बढ़ोतरी, फिर बढ़ेगी ठंड

*हरिभूमि न्यूज :भिलाई । ट्विनसिटी का तापमान शनिवार को 9.2 डिग्री सेल्सियस आ पहुंचा। एक दिन पहले शुक्रवार को 9 डिग्री सेल्सियस रहा। जिसकी वजह से कड़ाके की ठंड पड़ने लगी। मौसम विभाग के हिसाब से आने वाले तीन दिन न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी। इस हिसाब से ठंड में कमी हो सकती है। लेकिन सर्द हवाओं की वजह से लोगों को कड़ाके की ठंड का एहसास हो रहा है।*



#### सुबह से लेकर शाम तक कड़ाके की ठंड

ट्विनसिटी में पिछले 15 दिनों से न्यूनतम तापमान 8 से 9 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही रहा है। जिसकी वजह से यहां ठंड कम होने की स्थिति नहीं बन रही है। रात और अलसुबह न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस और नीचे चला जाता है। इसलिए इस समय ठंड काफी बढ़ जाती है। भिलाई-दुर्ग में अलसुबह मार्निंग वॉक का नजारा देखने मिलता था लेकिन ठंड की वजह से इसमें काफी कमी आई है। रात को भी सड़कों पर आवागमन कम हो गया है।

#### मार्केट में अलाव से राहत पाने की कोशिश



बढ़ती ठंड को देखते हुए सार्वजनिक स्थानों और मार्केट में अलाव जलाकर राहत पाने की कोशिश में लोग देखे जा सकते हैं। बस्तियों में भी लोग अलाव जला रहे हैं। नगर निगम भिलाई और दुर्ग भी अपनी तरफ से सार्वजनिक स्थलों व मुख्य बाजार में अलाव जला रहा है ताकि लोगों को इससे राहत पा सके। प्रशासन ने ठंड को देखते हुए स्कूल का समय भी बदल दिया है। सुबह एक घंटे बाद स्कूल खोले जा रहे हैं और शाम को एक घंटे पहले विद्यार्थियों की कक्षाएं समाप्त की जा रही है।

#### घना कोहरा छाने की संभावना

मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2 दिनों तक सरगुजा संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर तथा बिलासपुर संभाग के जिलों में एक-दो स्थानों पर घना कोहरा छाने की संभावना है। अगले 3 दिनों में उत्तरी छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने तथा मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में अगले 2 दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने, तत्पश्चात आगामी 3 दिनों में 1-2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है।

---



## जन समस्या शिविर में मिले 60 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶जामुल

नगर पालिका जामुल में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विभागों के प्रभारी, अधिकारी एवं आम जनता सहित जन प्रतिनिधि मौजूद थे।

शिविर में आम लोगों द्वारा कुल 60 मांग, शिकायत प्रस्तुत किया गया। जिसमें लोकनिर्माण विभाग से 35 मांग, 03 शिकायत, वाहन शाखा से 03 मांग, सफाई विभाग से 05 मांग, 01 शिकायत, विद्युत विभाग से 02 मांग, स्थापना शाखा से 01 मांग, राजस्व विभाग से 04 मांग, खाद्य शाखा से 02 मांग, जन्म मृत्यु से 01 मांग, पेंशन शाखा से 01 मांग, जल विभाग से 01 शिकायत, आवास संबंधी कार्य से 01 शिकायत मिला। उक्त आवेदनों का निराकरण के लिए विभागों को प्रेषित किया गया है। अतिरिक्त परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में कार्य किया गया। आयोजित शिविर में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, सीएमओ सीमा बक्शी, सुनीता चन्नेवार, पार्षद दीपक गुप्ता, अरविंद यादव, उप अभियंता सचिन भागवत मौजूद थे।

- **जामुल पालिका में लगा जन समस्या निवारण शिविर**

---

### कृषि विज्ञान केन्द्र धमतरी का शैक्षणिक भ्रमण

## खेती की उन्नत शैली को समझा विद्यार्थियों ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶सेलूद



संत विनोबा भावे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र मर्रा (पाटन) बीएससी चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण कर खेतों का जायजा लिया।

यह दौरा अधिष्ठाता डॉ. अनिल कुमार वर्मा के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ओमप्रकाश परगनिहा के नेतृत्व में हुआ। उल्लेखनीय है कि रावे / रेडी कार्यक्रम 2025-26 ग्राम बेलौदी में संचालित है। जिसके अंतर्गत कृषि-आधारित उद्योग संलग्नता कार्यक्रम में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जहां प्रथम चरण में सौ एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैले संजय गांधी फिश हैचरी, देमार का भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को मत्स्य बीज उत्पादन, ब्रूडर प्रबंधन, अंडा संग्रहण, हैचिंग प्रक्रिया एवं मत्स्य पालन की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई। साथ ही विशेषज्ञों ने मत्स्य पालन से आय बढ़ाने के उपाय भी बताए।

इसके बाद विद्यार्थियों ने कृषि विज्ञान केंद्र, धमतरी का शैक्षणिक भ्रमण किया । जिसमें यहां किए जा रहे सिंघाड़ा एवं मखाना उत्पादन तकनीक की विस्तृत जानकारी, बत्तख पालन, बीज उत्पादन कार्यक्रम, उन्नत कृषि तकनीक, फसल उत्पादन, मृदा परीक्षण, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, कीट-रोग प्रबंधन की जानकारी ली। वहीं बीज उत्पादन इकाई में विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन,संस्करण एवं भंडारण की विधियों एवं विभिन्न शासकीय पोजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही किसानों के लिए संचालित प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला गया।उपज के सुरक्षित भंडारण, तापमान प्रबंधन, शेल्फ लाइफ बढ़ाने की तकनीक तथा विपणन व्यवस्था की जानकारी दी गई। इस एग्रो इंडस्ट्रियल अटैचमेंट में शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों का व्यावहारिक ज्ञान बढ़ा तथा उन्हें कृषि क्षेत्र में स्वरोजगार एवं उद्यमिता के अवसरों की समझ विकसित हुई। उपरोक्त कार्यक्रम महाविद्यालय सहायक प्राध्यापक डॉ. किरण कुमार नागराज के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

---

## पूरे प्रदेश के कर्मचारी-अधिकारी करेंगे 29 से 31 तक जिला स्तरीय कलम बंद काम बंद आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶सेलूद

पूरे प्रदेश भर के कर्मचारी अधिकारी आगामी 29 से 31 दिसंबर तक सामूहिक अवकाश लेकर जिला स्तरीय कलम बंद काम बंद आंदोलन में शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा के नेतृत्व में यह आंदोलन होगा । उक्त जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय सह प्रवक्ता ललित कुमार बिजौरा ने बताया कि राज्य शासन द्वारा मोदी की गारंटी लागू नहीं करने से पूरे प्रदेश भर के कर्मचारी अधिकारी आक्रोशित हैं तथा शासन द्वारा कर्मचारियों से किए गए वादों की अनदेखी के विरोध में यह आंदोलन किया जा रहा है । प्रमुख रूप से केंद्र के समान कर्मचारियों एवं पेंशनरों को देय तिथि से मंहगाई भत्ता लागू करने , डीए एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित करने , चार स्तरीय समयमान वेतनमान देने , प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए संपूर्ण सेवा लाभ देने , लिपिकों , शिक्षकों , स्वास्थ्य विभाग , महिला बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने , सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय समयमान वेतनमान प्रदान करने , नगरीय निकाय कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन एवं समयबद्ध पदोन्नति प्रदान करने , अनुकंपा नियुक्ति नियमों में 10 प्रतिशत सीलिंग में शिथिलीकरण करने , कैशलेश सुविधा लागू करने , अर्जित अवकाश नकदीकरण 300 दिवस करने , दैनिक सहित कई मांगें शामिल है।

- **11 सूत्रीय मांगों के समाधान हेतु मोदी की गारंटी लागू करने किया जा रहा है आंदोलन**

---

## जिला स्तरीय सम्मेलन में कलमवीरों का हुआ सम्मान



**पाटन।** जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन विश्राम गृह पाटन में किया गया। श्रमजीवी पत्रकार संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष अरविंद अवस्थी के मार्गदर्शन, जिलाध्यक्ष ललित साहू के नेतृत्व में पाटन ब्लाक अध्यक्ष अनिल साहू व पुरे टीम के इस आयोजन में संभाग अध्यक्ष छगन साहू सहित प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार, जिले के पदाधिकारी, सदस्यों सहित दुर्ग संभाग के समस्त जिला व ब्लाक अध्यक्ष व पदाधिकारी कार्यक्रम मे शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष ललित साहू नें किया। इस दौरान सभी पत्रकारों को शील्ड देकर सम्मान किया। अंत मे पाटन ब्लाक अध्यक्ष अनिल साहू और ब्लाक उपाध्यक्ष भूषण देशलहरे ने आभार व्यक्त किया।

---

### डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल वार्षिकोत्सव का समापन

## सराही गई नवरस-भावों का सार पर आधारित प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई/ अहिवारा



डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल, नंदिनी माइंस में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के अंतर्गत विद्यालय का 17वां वार्षिक उत्सव "नवरस – द एसेंस ऑफ इमोशंस" अत्यंत भव्यता एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय कला, संस्कृति एवं भावनात्मक अभिव्यक्ति को मंच पर साकार करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के मुख्य अतिथि चिंताला श्रीकांत (सीजीएम, फ्लक्स, नंदिनी माइंस एवं चेयरमैन–एलएमसी, डी.ए.वी. इस्पात पब्लिक स्कूल, नंदिनी) एवं श्रीमती रजनी चिंताला की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. बी.पी. साहू (प्राचार्य एवं सहायक क्षेत्रीय अधिकारी, डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, ए.सी.सी. जामुल, भिलाई) व श्रीमती रश्मि साहू,ओमेन टेटे (डीजीएम, नंदिनी माइंस एवं एलएमसी सदस्य, प्रोजेक्ट नोमिनी), प्रियंका शुक्ला (प्राचार्या, डी.ए.वी. इस्पात पब्लिक स्कूल, सेक्टर–2, भिलाई) तथा एस.के. नायक (नंदिनी माइंस) की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य से हुई, जिसने समारोह को सजीव एवं उत्साहपूर्ण आरंभ प्रदान किया। इसके पश्चात नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा नवरस पर आधारित फैशन सागा प्रस्तुत की गई, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। प्रधानाध्यापिका योगिता शर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसी अवसर पर विद्यालय की वार्षिक पत्रिका "वेदांतिका" का अतिथियों के कर-कमलों ने विमोचन किया। संचालन बप्पादित्य बाग एवं शीतल वाही ने किया। पुरस्कार वितरण समारोह, धन्यवाद ज्ञापन एवं शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।




---

## अंचल की खबरें

### मितानिनों का किया सम्मान



**जामगांव आर।** ग्राम पंचायत अक्ताई में सम्मान समारोह आयोजित कर मितानिनों का सम्मान किया गया। इनमें मुख्य रूप से खेमबाई साहू, मनभा बाई साहू, रेवती साहू, किरण साहू, भान ठाकुर, जागेश्वरी साहू, मितानिन प्रशिक्षक प्रीति सोनवानी एवं अमृता सिंह का सरपंच माधुरी नरोत्तम निषाद और उपसरपंच दीपा मारकंडे ने सम्मान किया। इसी तरह पंच पीतांबर मारकंडे, देवेंद्र साहू, हरीश साहू, बुधियारिन बाई ठाकुर, यमुना ठाकुर, कमलेश्वरी ठाकुर, पुष्पा साहू, उषा मारकंडे, पुष्पा सिन्हा, जीधन साहू और दिनेश चंद्र का रोजगार सहायक कामता पटेल पंचायत सचिव योगेश ठाकुर टीवी मुक्त ग्राम पंचायत अकतई सरपंच प्रतिनिधि नरोत्तम निषाद की उपस्थिति में सम्मान किया।

### सांस्कृतिक स्पर्धा का हुआ आगाज



**उतई।** दाऊ उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय मचांदुर जिला दुर्ग में वार्षिक क्रीड़ा, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। मुख्य अतिथि महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष प्रवीण यदु थे। प्राचार्य डॉ संगीता मेहुरिया के कुशल नेतृत्व में 24 दिसंबर तक पांच दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा, साहित्य एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित है। मुख्य अतिथि प्रवीण यदु एवं महाविद्यालय के कर्मचारी हितेंद्र वर्मा के बीच सांकेतिक बैडमिंटन मैच के साथ खेल सत्र की शुरुआत हुई। छात्र गतिविधियों के संयोजक नीलम संजीव एक्का ने ₹पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे कूदोगे बनोगे खराब₹ को पुरानी सोच बताकर वर्तमान दौर में खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विकास टांडेकर, वर्षा वर्मा, मुकेश सिन्हा, जागृति चंद्राकर, डॉ रामेश्वरी, पूजा सोनी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा में उपस्थित हुए।

### रासेयो शिविर में विद्यार्थी कर रहे सेवाकार्य



**अंडा।** स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम ( दुर्ग ) के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम कुथरेल में आयोजित किया गया है 1 शिविर में 50 स्वयंसेवक उपस्थित हैं। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुरेश साहू अध्यक्ष जनभागीदारी समिति विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य लोमश चंद्राकर सरपंच ग्राम पंचायत कुथरेल गीता गजपाल,डॉ जितेंद्र साहू, लिलेश देशमुख, दुष्यंत साहू ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ डी के बैलेंद्र ने की। जिसमें शिविर के द्वितीय दिवस पर प्रसिद्ध पर्यावरण संरक्षक एवं चंदूलाल चंद्राकर पत्रकारिता राज्य अलंकरण पुरस्कार प्राप्त रोमशंकर यादव ने स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण के महत्त्व, लाभ तथा आवश्यकता पर व्याख्यान दिया 1 उन्होंने वृक्षारोपण, प्रदूषण नियंत्रण तथा एकल योगदान के साथ साथ सामुहिक प्रयासों पर प्रकाश डाला 1 तृतीय दिवस की बौद्धिक परिचर्चा में अन्नपूर्णा यादव सहायक प्राध्यापक ने छात्रों के व्यक्तित्व विकास में आत्मचेतना की भूमिका विषय पर प्रेरक व्याख्यान दिया साथ ही कामता प्रसाद बंजारे अतिथि व्याख्याता ने गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर उनके जीवन मूल्यों एवं जैतखंभ के महत्व पर प्रकाश डाला 1 इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने मनमोहक पंथी नृत्य प्रस्तुत किया 1 स्वयंसेवकों के द्वारा प्रतिदिन ग्राम में प्रभात फेरी, स्वच्छता अभियान, परियोजना कार्य,साँस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति तथा नशा मुक्ति हेतु नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन जागरूकता किया जा रहा है 1 शिविर के सफल संचालन में रासेयो प्रभारी वेदप्रकाश ठाकुर, सहप्रभारी जीवंतिका ठाकुर, ओमप्रकाश ,सरपंच ग्राम पंचायत पंचगण एवं गणमान्य नागरिकों का विशेष योगदान रहा है 1

### शिविर में मिले 188 आवेदन, 15 निराकरण



**कुम्हारी ।** शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 6 स्थित सामुदायिक में नगर पालिका परिषद प्रशासन द्वारा जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया । उक्त शिविर में विकास खण्ड के समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए एवं जनप्रतिनिधि व आम नागरिकों के द्वारा कुल 188 आवेदन दिये गये। जिसमें से 15 आवेदनों का त्वरित निराकरण शिविर में किया गया। शेष 173 आवेदनों को संबंधित विभाग को प्रेषित किया गया एवं 15 दिवस के भीतर निराकृत कर संबंधित आवेदक को सूचित किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया। उक्त शिविर में परिवहन विभाग के द्वारा 9 लर्निंग लायसेंस बनाया गया एवं 34 नागरिकों द्वारा अपने स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। 5 हितग्राहियों को लोन राशि की स्वीकृति प्रदान किया गया। शिविर में पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर, पार्षद अश्वनी देशलहरे, उमाकांत साहू, डिकेश पटेल हरिदास वैष्णव, लोकेश कुमार साहू, ओंकार प्रसाद मारकंडे, श्रीमती उमेश्वरी साहू, लेखराम साहू, डिकेन्द्र साहू, पूर्व पार्षद मिथिलेश यादव एवं उप अभियंता अतुल कुमार सिंह, छाया साहू, हरिकिशन पावरिया, लेखापाल शुभम महतो व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों संग शिक्षक भी हुए सम्मानित




समारोह में वर्ष भर राष्ट्रीय स्तर पर खेल, कला और विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों का पुरस्कृत किया गया। साथ ही उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कराने वाले शिक्षकों की प्रतिबद्धता और योगदान के लिए शिक्षक नीतादास, धर्मेन्द्र कुमार यादव, डॉ. राखी श्रीवास्तव, बिंदु शिवराजन, सतविंदर कौर, राहत तस्नीम, वंदिनी साहू और राजेश कुमार को विद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**लाइव इवेंट**

## सामाजिक कुरीतियों और उसके दुष्परिणामों की ग्रामीणों को दी जानकारी



**भिलाई।** भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा हॉस्पिटल सेक्टर में संचालित भिलाई महिला महाविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा एक दिवसीय सामुदायिक शिविर का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत महाविद्यालय की बी.एड. प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं को गरियाबंद जिले के प्राकृतिक झरनों और घने जंगलो के बीच स्थित मंदिर का दर्शन और पोशम-पानी गांव ले जाया गया। इस सामुदायिक शिविर में बी.एड. प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा पोशम पानी गांव में ग्राम-वासियों को समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियां उसके दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए एक जागरूकता रैली निकाली गई। छात्राओं ने पारिवारिक सर्वे का कार्य भी किया।जिसके अंतर्गत प्रत्येक परिवार से जानकारी लेकर छात्राओं द्वारा सर्वे फॉर्म भरा गया। शिक्षिकाओं और छात्राओं ने जतमई माता और राजिम में भगवान राजीवलोचन के दर्शन किए।

- **घटारानी-जतमाई-राजिम का किया शैक्षणिक भ्रमण**

भिलाई महिला महाविद्यालय की प्राचार्य प्रतिभा छाया क्लॉडियस ने एक दिवसीय शिविर के दौरान कहा की सामुदायिक शिविर बी.एड. पाठ्यक्रम के अंतर्गत एक गतिविधि है जिसका हर साल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजन किया जाता है। यह एक दिवसीय शिविर शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.मोहना सुशांत पंडित ने कहा कि ऐसे आयोजन से टीम वर्क, सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक भावना का विकास होता है। शिक्षा विभाग की अन्य सहायक प्राध्यापिकाएं डॉ.हेमलता सिदार, डॉ.भावना चौहान, नाज़नींन बेग, आशा आर्य, सत्यम मिश्रा और रोमा टंडन ने सभी गतिविधियों में सहयोग दिया।



## केंद्रीय विद्यालय दुर्ग का 39वां वार्षिकोत्सवः शिक्षा, संस्कृति और उत्कृष्टता का गौरवपूर्ण संगम

# लघु भारत की पहचान और केरल के त्रिशूर संस्कृति की दिखाई झलक

# छग, राजस्थान की लोकधुनों पर नृत्य-नाट्यों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**भिलाई। पीएम केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में 39वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास और गौरव के साथ मनाया गया। इस दौरान ट्विनसिटी को लघु भारत' की पहचान और सशक्त करते हुए केरल के त्रिशूर की संस्कृति की झलक को दिखाया। इसके साथ ही राजस्थानी वाद्ययंत्रों की मनमोहक धुन ने पूरे हॉल में सांस्कृतिक विविधता का एहसास कराया। स्कूल के बच्चों ने देश की विविध सांस्कृतिक विरासत को एक ही मंच पर शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय परिसर में उमड़ी विशाल उपस्थिति, विद्यार्थियों की प्रतिभा और शिक्षकों का समर्पण, समारोह की भव्यता का प्रतिबिंब दिखाई दिया। समारोह में मुख्य अतिथि नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडे और विद्यालय प्रबंधन समिति की सदस्य डॉ दिव्या श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।**






### अनुशासन और प्रतिभा विकास का केंद्र बना विद्यालय

अतिथियों ने विद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल संबंधी उपलब्धियों की सराहना करते हुए इसे प्रदेश का गौरव बताया। मुख्य अतिथि ने कहा कि यह विद्यालय आधुनिक शिक्षा, राष्ट्रीय मूल्यों, अनुशासन और प्रतिभा विकास का अनूठा केंद्र बन चुका है। विशिष्ट अतिथि ने विद्यालय को सृजनशीलता, व्यक्तित्व विकास और संवेदनशील शिक्षा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी विद्यालय की धरोहर हैं और परिश्रम को आदत बनाकर, सत्य, सेवा और समर्पण के मार्ग पर चलकर वे समाज और राष्ट्र को नई दिशा दे सकते हैं। उन्होंने शिक्षा को चरित्र निर्माण, मानवीयता, और नेतृत्व क्षमता के विकास का माध्यम बताते हुए विद्यार्थियों से सपनों को लक्ष्य में बदलने के लिए प्रोत्साहित किया।

### देश की विविध सांस्कृतिक विरासत को एक ही मंच पर किया प्रस्तुत

कार्यक्रम के सांस्कृतिक चरण ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय ने अपने 'लघु भारत' की पहचान को और सशक्त करते हुए केरल के त्रिशूर की संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। इसके साथ ही राजस्थानी वाद्ययंत्रों की मनमोहक धुनों ने पूरे हॉल में सांस्कृतिक विविधता का एहसास कराया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक नृत्य तथा विभिन्न लोकधुनों पर आधारित नृत्य-नाट्यों को दर्शकों ने खूब सराहा। विद्यालय ने देश की विविध सांस्कृतिक विरासत को एक ही मंच पर प्रस्तुत कर यह संदेश दिया कि केरल से लेकर छत्तीसगढ़ तक, भारतीय संस्कृति की समृद्ध पहचान विद्यार्थियों की रचनात्मकता और कला अभिव्यक्ति के माध्यम से जीवंत होती है। समारोह के समापन पर अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया और विद्यालय परिवार ने नए सत्र में उच्चतर उपलब्धियों को लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया। विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव के दौरान शिक्षा, संस्कृति, अनुशासन और सम्मान के समन्वय का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन में विद्यार्थियों अनुज, अनन्या, अनुष्का, अविनाश, श्रिया और सान्वी ने मुख्य भूमिका निभाई। समापन सांकेतिक भाषा में राष्ट्रगान के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में डॉ श्रावणी सिंह, रचना पाल और पुरुषोत्तम साहू का विशेष योगदान रहा।



**सिटी इवेंट**

## 7 दिवसीय आर्यवीर दल प्रशिक्षण शिविर आज से, 300 युवा पहुंचे



**भिलाई।** आर्य समाज सेक्टर 6 भिलाई दवरा आयोजित वैदिक सनातन धर्म की रक्षा और राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य से आर्यवीर दल का सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर आयोजन आज से शुरु होगा। इस शिविर में युवाओं और युवतियों को लाठी-भाला संचालन, योगासन, शारीरिक व्यायाम, मलखंब, आत्मरक्षा, सैन्य शैली अनुशासन, आदर्श दिनचर्या और वैदिक सभ्यता व संस्कृति के मूल्य आत्मसात कराए जाएंगे। शनिवार तक 200 युवा पहुंच चुके हैं और आज 300 प्रशिक्षार्थी शिविर में उपस्थित होंगे। 21 से 27 दिसंबर तक चलने वाले इस आवासीय शिविर में युवा एक साथ रहकर अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और वैदिक चिंतन की साधना करेंगे। आचार्य अंकित शास्त्री ने कहा कि यह प्रशिक्षण युवाओं में आत्मविश्वास जगाने, शारीरिक व मानसिक विकास कराने और धर्म की रक्षा के लिए तत्पर नई पीढ़ी तैयार करने की दिशा में सराहनीय पहल है। शिविर में मुख्य प्रशिक्षक संदीप आर्य सोनीपत से विशेष रूप से आमंत्रित किए गए हैं जो युवाओं को युद्धक शैली, शरीर संचालन और आत्मरक्षा की कला सिखाएंगे।

आचार्य डॉक्टर अजय आर्य पूरे शिविर में वैचारिक उद्बोधन के माध्यम से युवाओं में वैदिक चेतना का संचार करेंगे, जिससे उनके भीतर कर्तव्य, धर्म और राष्ट्र भक्ति की भावना और सुदृढ़ होगी। कार्यक्रम संयोजक अवनी भूषण पुरंग ने शहरवासियों से अपील किया है कि वे अपने बच्चों को इस शिविर में भेजकर वैदिक गौरव की इस महान धारा में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि जो बच्चे उपस्थित नहीं हो सकते, उनके अभिभावक शिविर स्थल पहुंचकर दर्शन करें और सहयोगी बनें। यह आयोजन वैदिक सनातन धर्म की रक्षा, समाज की जागृति और राष्ट्र निर्माण का अद्वितीय प्रयास है।



## रंगोली और पोस्टर पर दिखाई वीरों की गौरव गाथा, आदिवासी परंपरा पर किया नृत्य

**भिलाई।** स्व पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम में जनजाति गौरव दिवस माह का आयोजन किया गया।महाविद्यालय परिसर में आयोजित जनजाति माह के अंतर्गत जनजाति संस्कृति से संबंधित रंगोली और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

- **निकुम महाविद्यालय में जनजाति गौरव दिवस का आयोजन**



एक दिन के वर्कशॉप में मुख्य वक्ता कुंज बिहारी चौबे शासकीय महाविद्यालय लाल बहादुर नगर के प्राचार्य डॉ आर के ठाकुर ने विभिन्न जनजाति नायकों के योगदान और आजादी की लड़ाई में उनके इतिहास व योगदान पर प्रकाश डाला।महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ की आदिवासी सांस्कृतिक परंपरा उनकी विशिष्टता की सराहना की। इस अवसर पर जनजाति नृत्य के द्वारा छात्रों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया प्रथम स्थान तुलसी वीरभद्र के समूह ने प्राप्त किया। श्वेता यादव एवं श्वेता मंडले द्वारा राज्यगीत और सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मंच संचालन अन्नपूर्णा यादव और आभार प्रदर्शन संयोजक अंजू रानी ठाकुर ने किया। कार्यक्रम का अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्राचार्य डॉ डी के बेलेंद्र और सभी अतिथियों द्वारा विजेताओं को प्रमाणपत्र वितरित किया गया। विभिन्न प्रतियोगिता निर्णायक डॉ ओंकार प्रसाद चंद्रा, डॉ शिल्पी देवांगन, जीवंतिका ठाकुर और ओमप्रकाश रहे है। इस अवसर पर सह संयोजक वेदप्रकाश ठाकुर, पूजा अग्रवाल कामता प्रसाद बंजारे, माया सुधाकर, करुणा गजभिए, रेडक्रॉस रासेयो स्वयंसेवक तथा महाविद्यालय के छात्र- छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

## गायक केजे येसुदास की 86वीं जयंती पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन 27 को

**भिलाई।** सेल-बीएसपी के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा महान भारतीय पार्श्व गायक के. जे. येसुदास की 86वीं जयंती एवं उनकी संगीत विरासत के सम्मान में एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष संगीत कार्यक्रम 27 दिसंबर को महात्मा गांधी कला मंदिर, भिलाई में शाम 7 बजे से आयोजित किया जाएगा। जिसमें अंचल के गायक पी. टी. उल्लास कुमार अपनी प्रस्तुति भी देंगे।



इस ग्रैंड म्यूजिकल इवनिंग में पी. टी. उल्लास कुमार की भावपूर्ण एवं प्रभावशाली लाइव प्रस्तुति श्रोताओं को गायक के. जे. येसुदास की संगीत यात्रा की याद दिलाएगी। हिंदी फिल्म संगीत, कर्नाटक शास्त्रीय संगीत, शास्त्रीय एवं अर्ध-शास्त्रीय गायन में अपनी विशिष्ट दक्षता के लिए विख्यात उल्लास कुमार के साथ इस अवसर पर जानी-मानी क्षेत्रीय गायिकाएं अंजलि शुक्ला एवं गौतमी चक्रवर्ती भी मंच साझा करेंगी। यह सांस्कृतिक संध्या सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा आयोजित की जा रही है, जो भिलाई एवं आसपास के समस्त संगीत प्रेमियों के लिए निःशुल्क रहेगी।

के. जे. येसुदास भारतीय संगीत जगत के ऐसे युगपुरुष हैं, जिनकी आवाज़ ने पीढ़ियों तक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया है। अनेक भारतीय भाषाओं और शास्त्रीय परंपराओं में उनके अतुलनीय योगदान ने भारतीय सांस्कृतिक चेतना को समृद्ध किया है। हजारों कालजयी गीतों के माध्यम से उन्होंने शास्त्रीय शुद्धता और लोकप्रिय संगीत के बीच सेतु स्थापित किया और संगीत उत्कृष्टता व आध्यात्मिक भावनाओं के प्रतीक के रूप में स्वयं को अमर बना लिया।

## वार्षिक संगीत व नृत्य ओपन स्पर्धा 22 से

**भिलाई।** बीएसपी के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा हर साल आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित ओपन संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 26 दिसम्बर के मध्य महात्मा गांधी कलामंदिर, सिविक सेंटर में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कर्नाटक सुगम, शास्त्रीय गायन, हिन्दुस्तानी सुगम, शास्त्रीय गायन, लोक गायन, एकल नृत्य भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, कथक, ओड़िसी, हिन्दुस्तानी वाद्य तंतु वाद्य एवं ताल वाद्य और ओपन आयु वर्ग समूह में नृत्य स्पर्धा का आयोजन होगा।

## स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में हुए शामिल

**कार्नर न्यूज**

# आने वाले समय में शिक्षा और व्यापार के क्षेत्र में तेजी से होगा विकास : मंत्री गजेंद्र यादव

**दुर्ग।** सस्टेनेबल इंडिया विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन आईआईटी भिलाई में किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए। अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस सम्मेलन में सतत विकास और समग्र सोच को केंद्र में रखकर विचार-विमर्श किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य वैश्विक विचारकों, नवप्रवर्तकों, शिक्षाविदों, नीति-निर्माताओं और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर सतत और पुनर्योजी भविष्य की दिशा में संवाद स्थापित करना है। यह सम्मेलन ज्ञान, चेतना और प्रौद्योगिकी के समन्वय के माध्यम से सतत विकास की नई संभावनाओं को सामने लाएगा और भविष्य की नीतियों व सहयोगों को प्रेरित करेगा। इंटीग्रल डिजाइन की अवधारणा के अंतर्गत कॉन्शसनेस, टेक्नोलॉजी, रिसर्च एवं आर्किटेक्चर को सस्टेनेबल से जोड़ने पर केन्द्रित इस कॉन्फ्रेंस में भारत, सिंगापुर सहित विभिन्न देशों से पहुंचे विशेषज्ञों ने मंथन कर अपने विजन को साझा किए।



### टिकाऊ भारत का अर्थ है विश्वसनीय भारत

इस मौके पर मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने सस्टेनेबल इंडिया की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि टिकाऊ भारत का अर्थ है विश्वसनीय भारत। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव ने योग और प्राचीन भारतीय उपचार पद्धतियों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि योग से अधिक टिकाऊ कोई मेडिकल पद्धति नहीं है। योग की जननी भारत है और इसकी जड़ें हमारी समृद्ध संस्कृति में निहित हैं। उन्होंने प्राचीन काल और वर्तमान समय के बीच अंतर बताते हुए भारतीय संस्कृति और वेदों के महत्व को रेखांकित किया। सम्मेलन के दौरान सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 2 विशिष्ट पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं शिक्षण और नवाचार को प्रोत्साहन देने के लिए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए द प्रोग्रेस संस्था द्वारा 8 पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर लिग एंग, प्रो. एनवी रमणा राव डायरेक्टर एनआईटी रायपुर, मनीश गुप्ता डायरेक्टर बीएसबीके ग्रुप, बिरंची दास डायरेक्टर पर्सनल, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, जोआन चिया सिंगापुर आईआईटी डिन प्रोफ, संतोष बिसवान आईआईटी डायरेक्टर सामरेन्द्र घोष, रिसर्च स्कॉलर उपस्थित रहे।

### प्रदेश में लागू की गई नई उद्योग नीति

स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने नई उद्योग नीति लागू की है। छत्तीसगढ़ में बिजली, पानी और अनुकूल वातावरण जैसी सुविधाओं के कारण अपार औद्योगिक संभावनाएं हैं। यहां छोटे और बड़े उद्योग स्थापित हो सकते हैं, जिससे बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उद्योगों को बढ़ावा दे रही है और आने वाले समय में शिक्षा व व्यापार के क्षेत्र में व्यापक विकास होगा। सरकार की मंशा है कि विकास का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे, जिससे टिकाऊ भारत की संकल्पना साकार हो सके। मंत्री श्री यादव ने लोगों से छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं से जुड़ने और उद्योग नीति का बेहतर उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश और दुनिया में उपलब्ध ज्ञान और विज्ञान को अपनाकर ही सशक्त और टिकाऊ भारत का निर्माण संभव है।

## सिटी इवेंट

# महाप्रभु वल्लभाचार्य के अवतरण की पावन भूमि भी है छत्तीसगढ़ : डॉ. शर्मा




**भिलाई।** साहित्याचार्य, शिक्षाविद् एवं लेखक आचार्य डॉ.महेशचन्द्र शर्मा चम्पारण की सांस्कृतिक और साहित्यिक यात्रा कर लौटे। डॉ. शर्मा ने बताया कि चम्पा पुष्पों की अधिकता वाले वनों और उपवनों के कारण छत्तीसगढ़ की पावन धरती चम्पारण्य कहलाती थी। इस आध्यात्मिक यात्रा में डॉ. शर्मा की पत्नी श्रीमती रजनी गौरी शर्मा भी साथ थीं। डॉ. शर्मा ने बताया कि इसी पावन भूमि पर ही शताब्दियों पहले महाप्रभु वल्लभाचार्य अवतरित हुये। चम्पारण तीर्थ स्थल राजधानी से 50 किमी दूरी पर स्थित है ।

स्वयंभू चम्पेश्वर शिव के अलावा यहां श्रीराम और श्रीकृष्ण आदि के भी भव्य मंदिर हैं। महादेव शिव यहां के इष्टदेव हैं। प्राकृतिक वनस्पतियों और बड़ी संख्या में गौशालाओं के कारण ये छत्तीसगढ़ का वृन्दावन भी कहलाता है। उन्होंने बताया कि पिता पं.लक्ष्मण भट्ट और माता इल्लिमा गारु के दिव्य पुत्र वल्लभाचार्य ने अपने गुरु पं.नारायण भट्ट आदि से ग्यारह वर्ष की किशोरावस्था में ही वेद-वेदान्त की शिक्षा प्राप्त कर ली थी। वे अधिकांश समय काशी, प्रयागराज और मथुरा-वृन्दावन की यात्रा में रहते थे। इसी दौरान उन्होंने सूरदास को भक्ति ज्ञान दिया। वे स्वयं 84 बार भागवत महापुराण का पारायण कर चुके थे। हिन्दी साहित्य में भक्तिकाल को स्वर्ण युग कहा जाता है। श्रीकृष्ण के अनन्य भक्त महाकवि सूरदास और उनका सूरसागर विश्वप्रसिद्ध है। महाप्रभु वल्लभाचार्य की प्रेरणा से ही सूरदास ने कालजयी रचनाएं की।

## स्पोर्ट्स लाइव

# हाउस रिले रेस के सीनियर वर्ग में रेड हाउस रहे विजयी, मिला सम्मान



**भिलाई/उतई।** पायोनियर कान्वेंट स्कूल उतई में 25वां वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में स्कूल की डायरेक्टर अमित मिश्रा, शिक्षक हरजीत कौर, केमिका साहू, सरोज ठाकुर, नीलिमा साहू, छाया साहू, नोमीन ठाकुर, सविता यादव, धात्री साहू, पुष्पा साहू, देविका यादव, हीना देवांगन, गौरव साहू एवम स्टाफ उपस्थित थे। समारोह का संचालन केमिका साहू के द्वारा किया गया। विद्यार्थियों में खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्कूल में बहुत से खेलों का आयोजन किया गया। खेलों में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। हाउस रिले रेस के सीनियर वर्ग में रेड हाउस विजयी रहे। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के डायरेक्टर अमित मिश्रा और प्रीति मिश्रा ने विद्यार्थियों की प्रशंसा की तथा भविष्य में भी अच्छे खेल भावना के साथ उत्कृष्ट खेल खेलने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन में स्कूल की सभी छात्रों का विशेष योगदान रहा।




## सिटी इवेंट

# जैन आनंद मेला आज, शुद्ध और पौष्टिक खानपान रहेगा आकर्षण

**दुर्ग।** सकल दिगंबर जैन समाज पदमनाभपुर मंदिर स्थित संत भवन में स्थानीय महिला उद्यमियों द्वारा 21 दिसंबर को दोपहर डेढ़ बजे से आनंद मेला का आयोजन किया गया है।मंदिर समिति के संजय बोहरा ने बताया कि जैन आनंद मेला में महिलाओं द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाए जाएंगे। स्टॉल में स्वादिष्ट व्यंजनों के अलावा महिलाएं द्वारा निर्मित घर के काम की बहुत सी उपयोगी वस्तुओं के साथ-साथ बच्चों के गेम्स भी रहेंगे। लकी फैमिली का ड्रा निकाला जाएगा। आकर्षक इनाम दिए जाएंगे। जैन आनंद मेला में विशेष रूप से शुद्ध और पौष्टिक खानपान की व्यंजन और मिठाई स्व निर्मित की जाएगी। मंदिर प्रबंध कार्यकारिणी का विशेष सहयोग महिला समिति की प्रभारी सौम्या जैन और शिखा जैन को प्राप्त हो रहा है। आयोजन के लिए दौरान जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे।

# लीनेस क्लब की अध्यक्ष बनी कल्पना और कोषाध्यक्ष डॉ मंजू

**भिलाई।** लीनेस क्लब भिलाई 2026 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा





सर्वसम्मति से की गई। नई कार्यकारिणी में लीनेस अध्यक्ष कल्पना श्रीवास्तव, लीनेस सचिव मनीषा सिन्हा और लीनेस कोषाध्यक्ष डॉक्टर मंजू तिवारी को बनाया गया हैं। नई कार्यकारिणी के यह सभी नए पदाधिकारियों सहित अन्य सदस्यों को भी विभिन्न पदों की जिम्मेदारी दी गई है। वर्तमान सदस्यों ने लीनेस की नई कार्यकारिणी को सेवाकार्य करने के लिए शुभकामाएं दी है।

## एनसीसी से सेना तक : शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर महाविद्यालय में अग्निवीरों का हुआ स्वागत

# छह माह के कठोर सैन्य प्रशिक्षण बाद 7 अग्निवीरों ने कैडेटों से अनुभव किये साझा, विषम परिस्थितियों में निरंतर अभ्यास व अनुशासन जरूरी

**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के 7 एनसीसी कैडेट अग्निवीर योजना के अंतर्गत भारतीय सेना में चयनित हुए हैं। छह माह के कठोर सैन्य प्रशिक्षण पूर्ण कर महाविद्यालय आगमन पर उनके सम्मान में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान चयनित सातों अग्निवीर जवानों ने एनसीसी कैडेटों के साथ अपने छह माह के सैन्य प्रशिक्षण अनुभव साझा करते हुए सेना में भर्ती की आवश्यक योग्यताओं एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा को उत्तीर्ण करने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन, एक गोली, एक दुश्मन के महत्व को बताते हुए प्रतिदिन सुबह से अनुशासित दिनचर्या, विषम परिस्थितियों में निरंतर अभ्यास एवं फायरिंग प्रशिक्षण जैसी कठिन प्रक्रियाओं की महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के प्रारंभ में ई. पवन, कुंजन देशमुख, गिरधर कुमार, आशीष कुमार, मुकेश कुमार, भेल सिंह एवं राहुल कुमार चयनित एनसीसी कैडेटों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया गया। समारोह स्थल राष्ट्रभक्ति, उत्साह एवं प्रेरणा के भाव से ओतप्रोत रहा।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह, संचालनालय उच्च शिक्षा विभाग, छग के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. एस.के. पटले, शासकीय महाविद्यालय रिसाली भिलाई की प्राचार्य डॉ. अनुपमा अस्थाना, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रशांत दुबे, सहायक प्राध्यापक सीतेश्वरी चंद्राकर सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।




### युवा ही राष्ट्र की सच्ची शक्ति

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने चयनित अग्निवीर कैडेटों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन महाविद्यालय के इतिहास में एक गौरवपूर्ण दिवस है। एनसीसी कैडेटों ने अनुशासन, समर्पण एवं निरंतर कठिन परिश्रम के बल पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। उन्होंने कैडेटों को प्रेरित करते हुए कहा कि जैसे सप्ताह में 7 दिन होते हैं, वैसे ही आज 7 कैडेटों का चयन हुआ है। हमारा लक्ष्य 7 से 70 और 70 से 700 तक निरंतर आगे बढ़ना होना चाहिए। सही समय, सही स्थान और पूर्ण अनुशासन के साथ किया गया प्रयास ही सफलता दिलाता है। यह लक्ष्य केवल राष्ट्रभक्ति और सतत प्रयास से ही प्राप्त किया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. अनुपमा अस्थाना ने अपने उद्बोधन में कहा कि देशप्रेम की भावना से प्रेरित होकर इन विद्यार्थियों ने जो कदम उठाया है, वह सराहनीय है। यह केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने युवाओं से देश सेवा के लिए आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि ऐसे समर्पित युवा ही राष्ट्र की सच्ची शक्ति होते हैं।



### मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार रहने किया प्रेरित

मुख्य अतिथि एडिशनल डायरेक्टर डॉ. एस.के. पटले ने चयनित अग्निवीरों को संबोधित करते हुए कहा कि सेना में आपकी नियुक्ति विषम एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में हो सकती है, इसलिए मानसिक एवं शारीरिक रूप से सदैव तैयार रहना आवश्यक है। उन्होंने अनुशासन, साहस, कर्तव्यनिष्ठा एवं देशप्रेम जैसे मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने पर बल दिया तथा चयनित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य एवं सफल सैन्य करियर के लिए शुभकामनाएं दीं।

### छह माह के सैन्य प्रशिक्षण के अनुभव किये साझा




महाविद्यालय के चयनित विद्यार्थियों में ई. पवन, कुंजन देशमुख, गिरधर कुमार, आशीष कुमार, मुकेश कुमार, भेल सिंह एवं राहुल कुमार शामिल रहे।

कार्यक्रम के दौरान चयनित सातों अग्निवीर जवानों ने एनसीसी कैडेटों के साथ संवाद करते हुए सेना में भर्ती की आवश्यक योग्यताओं एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा को उत्तीर्ण करने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने छह माह के सैन्य प्रशिक्षण अनुभव साझा करते हुए बताया कि प्रशिक्षण के दौरान पूरे अनुशासन और सही वर्दी में उपस्थित रहना अनिवार्य होता है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान हमें एक गोली, एक दुश्मन के महत्व पर ज्यादा जोर दिया जाता था। प्रतिदिन सुबह से शारीरिक प्रशिक्षण, अध्ययन, खेलकूद, अनुशासित दिनचर्या, विषम परिस्थितियों में निरंतर अभ्यास एवं फायरिंग प्रशिक्षण जैसी कठिन प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। उनके अनुभवों से उपस्थित एनसीसी कैडेट अत्यंत प्रेरित हुए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र सेवा, अनुशासन एवं देशभक्ति के संकल्प के साथ किया गया।

## आज समापन...

# कर्मकांड से स्वर्ग की प्राप्ति, लेकिन वो भी क्षणभंगुर रूपध्यान ही साधना का प्राण है : धामेश्वरी देवी

**भिलाई।** राधा कृष्ण मंदिर ब्रज मंडल सेक्टर 6 कालीबाड़ी के पास चल रही दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के दसवें दिन धामेश्वरी देवी ने बताया कि वेदों शास्त्रों में भगवद्प्राप्ति के 3 मार्गों को प्रशस्त किया गया है कर्ममार्ग, ज्ञानमार्ग और भक्तिमार्ग। कर्म मार्ग का विश्लेषण करते हुए उन्होंने कहा कि वेदों में अनेक कर्मकांडों का वर्णन मिलता है पूजा-पाठ, यज्ञ आदि, लेकिन वेदों में कर्मकांड की घोर निंदा भी की गई है। इसका कारण यह बताया कि कर्मकांड से स्वर्ग की प्राप्ति होती है लेकिन स्वर्ग भी क्षणभंगुर है मायिक है। इसलिए कर्मकांड करना घोर मूर्खता है कुछ लोग यज्ञ आदि करते हैं लेकिन वेदों में यज्ञ के लिए बड़े कड़े-कड़े नियम बताए गए हैं। सही स्थान, सही समय, सही तरीके से कमाया धन, उससे एकत्रित हवन सामग्री और आहूति डालते समय, वेद मंत्रों का ठीक-ठीक उच्चारण यदि नहीं होता तो यज्ञ करने वाले यजमान का नाश हो जाता है। इसके आगे ज्ञान मार्ग के बारे में बताया गया।



वेदों में ज्ञान के दो प्रकार बताए गए। एक शाब्दिक ज्ञान और दूसरा अनुभवात्मक ज्ञान। देवी ने बताया कि किसी भी विषय का शाब्दिक ज्ञान से है, लेकिन साधना द्वारा उसका अनुभव ना हुआ हो तो वह कोरी कल्पना ही समझिये। यह ज्ञान दो क्षेत्रों से संबंधित होता है एक माया का क्षेत्र और एक मायातीत ईश्वर का क्षेत्र। जो ज्ञानी होते हैं उन्हें किसी भी विषय का शाब्दिक ज्ञान होता है, इस आधार पर वें प्रवचन में बड़ी-बड़ी बातें बताते हैं, लेकिन अनुभवात्मक साधना के अभाव में उनके इस ज्ञान का कोई विशेष प्रभाव नहीं होता। वेदों में यह भी कहा गया है कि ज्ञानी व्यक्ति का पतन हो जाता है। वह ज्ञान अज्ञान है जिसमें ईश्वर प्रेम ना हो अर्थात कर्म स्वर्ग देकर समाप्त हो जाता है और ज्ञान से मोक्ष मिलता है यह भी निंदनीय है। भगवद्प्राप्ति के तीनों मार्गों में केवल भक्ति मार्ग ही सर्वसुगम, सर्वसाध्य एवं सर्वश्रेष्ठ मार्ग है। हमारे वेदों में भक्ति से युक्त कर्म धर्म की प्रशंसा की गई है और भक्ति से रहित कर्म धर्म निंदनीय है। गीता में कहा गया है कि जो अनन्य भाव से निरंतर मेरी भक्ति करता है, मैं उसका योगक्षेम वहन करता हूं। यह भी बताया गया कि रूपध्यान ही साधना का प्राण है।रविवार को विश्व ध्यान दिवस पर रूपध्यानयुक्त साधना शिविर का आयोजन सुबह 8 बजे से शाम 7 बजे तक धामेश्वरी देवी के सानिध्य में प्रवचन स्थल पर किया जाएगा।

## अनुकरणीय पहल

# जरुरतमंद 11 विद्यार्थियों को 60 हजार 800 रुपए की छात्रवृत्ति




■ समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह की पहल

**भिलाई।** हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के डायरेक्टर और सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू की पहल पर जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, केम्प-2 भिलाई के 11 ज़रुरतमंद छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इन विद्यार्थियों में ऐसे बच्चे शामिल हैं जिनके माता, पिता या दोनों अब इस दुनिया में नहीं हैं। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षा से ही इन बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और समाज की जिम्मेदारी है कि ऐसे विद्यार्थियों का साथ दे। सर्व समाज कल्याण समिति भिलाई की ओर से कुल 60,800 रुपये की छात्रवृत्ति राशि वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान समिति के महासचिव मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष जोगा राव, शाहनवाज़ कुरैशी, अनिल चौधरी, निर्मल सिंह निम्मे, रमन राव, इंद्रजीत सिंह चिंटू, वाजिद अंसारी, रमन सारथी, गुरप्रीत सिंह, पंकज शर्मा, सोम सिंह और डॉ. हरजिंदत सिंह सहित प्राचार्य, शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## लोकसभा स्तरीय प्रतियोगिता में 9 विधानसभा के चयनित खिलाड़ी करेंगे प्रतिभा का प्रदर्शन

# सांसद खेल महोत्सव 23 से 25 तक, चयनित खिलाड़ी कुश्ती, वेटलिफ्टिंग और कबड्डी में दिखायेंगे दमखम

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** जिले में सांसद खेल महोत्सव 2025 अंतर्गत चौथे चरण के अंतर्गत लोकसभा स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 25 दिसम्बर तक आयोजित किया जायेगा। दुर्ग लोकसभा के अंतर्गत आने वाले जिला दुर्ग एवं बेमेतरा के 9 विधानसभा क्षेत्रों दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, वैशाली नगर, भिलाई, पाटन, अहिवारा, साजा, बेमेतरा एवं नवागढ़ के विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी इस दल में शामिल होंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन 23 दिसम्बर को सुबह 10 बजे रविशंकर स्टेडियम, दुर्ग में आयोजित किया जाएगा, जहां सभी विधानसभा खिलाड़ी दलों को अपने प्रभारी अधिकारियों और ऑफिशियल्स के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।



### चूना-मार्किंग और अन्य व्यवस्थाओं मिली जिम्मेदारी

कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशन में आयोजन के लिए विभिन्न अधिकारियों को महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं। आयुक्त नगर पालिक निगम दुर्ग को रविशंकर स्टेडियम में उद्घाटन व समापन की पूरी व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई एवं महात्मा गांधी विद्यालय में आयोजित होने वाली कुश्ती व वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए आवश्यक समन्वय करने निर्देश दिये गए है। नगर पालिक निगम भिलाई को बी.एस.पी. सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में मैदान समतलीकरण, चूना-मार्किंग, कुर्सी-टेबल, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं की जिम्मेंदारी दी गई है। रिसाली और चरौदा निगम के आयुक्तों को अपने विधानसभा के प्रतिभागियों को उपस्थित कराने के साथ-साथ उद्घाटन एवं समापन समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देने कहा गया है।

### व्यायाम शिक्षकों को दिया गया दायित्व

ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुर्ग, पाटन, साजा, बेमेतरा एवं नवागढ़ अपने-अपने क्षेत्रों के चयनित प्रतिभागियों को नोडल अधिकारियों के साथ प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचाने का कार्य करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी को व्यायाम शिक्षकों के माध्यम से निर्णायकों का दायित्व दिया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सभी आयोजन स्थलों पर एम्बुलेंस और प्राथमिक उपचार दल तैनात करने तथा पुलिस विभाग को खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए थानों को निर्देशित करने के साथ-साथ उद्घाटन और समापन पर पुलिस बैंड की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गए हैं। महाप्रबंधक शिक्षा भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आवश्यकतानुसार खेल मैदान और महिला खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम और बाथरूम की व्यवस्था और बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के लिए विभिन्न विद्यालयों में आवासीय व्यवस्थाओं देखेंगे।

### इस स्कूलों में की जाएगी व्यवस्था

साजा और नवागढ़ की महिला खिलाड़ियों के लिए गुरुनानक विद्यालय सेक्टर-6, बेमेतरा, पाटन व भिलाई नगर की महिलाओं के लिए महर्षि दयानंद आर्य विद्यालय, अहिवारा व वैशाली नगर के लिए एम.जी.एम. विद्यालय और दुर्ग शहर व ग्रामीण की महिला खिलाड़ियों के लिए शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 में रुकने की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार पुरुष खिलाड़ियों के लिए एस.एन.जी. विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर, श्री शंकरा विद्यालय हुडको एवं डी.ए.वी. विद्यालय हुडको में आवास तय किए गए हैं। आवास स्थलों पर खिलाड़ियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए महिला एवं पुरुष अधिकारियों की रात्रि विश्राम की ड्यूटी भी लगाई गई है। सभी संबंधित प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि वे आवास व्यवस्था और खेल मैदान के संचालन के लिए व्यायाम शिक्षकों को कार्यमुक्त करें और आयोजन समिति के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखें।

# भिलाई की बेटी साक्षी की ऊंची उड़ान, रेलवे आईआरएमएस में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

इंजीनियरिंग सर्विसेज़ एग्ज़ामिनेशन (ईएसई) 2025 का अंतिम परिणाम घोषित हो गया है। इस परीक्षा में सिविल इंजीनियरिंग के 202 अभ्यर्थियों ने सफलता दर्ज की है । भिलाई की प्रतिभाशाली बेटी साक्षी मुदलियार ने ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 28 प्राप्त कर शहर और राज्य का नाम रौशन किया है। इस उत्कृष्ट रैंक के साथ साक्षी को भारतीय रेलवेज में आईआरएमएस कैडर में नियुक्ति मिलेगी, जो देश की सबसे प्रतिष्ठित तकनीकी सेवाओं में से एक है। साक्षी का कहना है कि ईएसई जैसे प्रतिष्ठित एक्जाम में कामयाबी कड़ी मेहनत और लगन का फल है। दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ट्रांसपोर्ट नेटवर्क भारतीय रेलवे का अनुभव का यादगार हो सकता है।

उल्लेखनीय है कि साक्षी मुदलियार वर्तमान में मिनिस्ट्री ऑफ़ डिफ़ेंस में असिस्टेंट डायरेक्टर के पद पर नागपुर स्थित आर्मी स्टेशन में कार्यरत हैं। इस पद पर उनका चयन ईएसई 2022 परीक्षा के माध्यम से हुआ था। ईएसई 2025 में मिली यह नई सफलता उनके निरंतर परिश्रम और उत्कृष्टता की मिसाल है। भिलाई में पढ़ी होनहार साक्षी के पिता वीएसटी रमन, भिलाई के बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 में गणित के वरिष्ठ व्याख्याता रह चुके हैं। मां आशा मुदलियार, वर्तमान में राजनांदगांव ज़िले के खैरझिटी स्थित उच्चतर माध्यमिक शाला में प्राचार्या हैं। साक्षी मुदलियार की बड़ी बहन डॉ. ऋचा आईआईटी कानपुर से पीएचडी उपाधि प्राप्त हैं।



## निरंतर अध्ययन से मिली सफलता

प्रतिभावान साक्षी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा डीपीएस रिसाली, भिलाई से प्राप्त की तथा उच्च शिक्षा के लिए एनआईटी रायपुर से अध्ययन किया। आरंभ से ही उनकी अकादमिक पृष्ठभूमि मजबूत रही है, जिसका प्रतिफल आज राष्ट्रीय स्तर की इस सफलता के रूप में सामने आया है। साक्षी बताती हैं कि अखिल भारतीय सेवा से जुड़ी इस बड़ी उपलब्धी के पीछे मेरी कड़ी मेहनत और लगन है। अनुशासन, निरंतर अध्ययन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता का मूल मंत्र है। इसका श्रेय सुदृढ़ पारिवारिक पृष्ठभूमि को देती हैं। उनके लिए डिफेंस की तरह भारतीय रेलवे से जुड़ना एक यादगार अनुभव हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### बालगीत का विमोचन समारोह 21 को

**भिलाई।** अगासदिया और वैभव प्रकाशन के संयुक्त तत्वावधान में बाल गीतकार कमलेश चंद्राकर के पांचवें बालगीत संग्रह मम्मा मेरी सुनो जरा का विमोचन 21 दिसंबर को भिलाई निवास में दोपहर 3 बजे किया जाएगा। दिल्ली के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बाल साहित्य सरजक दिविक रमेश विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा करेंगे। वरिष्ठ साहित्यकार रवि श्रीवा्भावना, दर्पण पत्रिका के संपादक गिरीश पंकज विशेष अतिथि होंगे। वहीं दुर्ग के वरिष्ठ साहित्यकार गुलबीर भाटिया तथा चर्चित व्यंग्यकार विनोद साव वक्ता होंगे। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुधीर शर्मा कृति समीक्षा करेंगे। स्वयं सिद्धा संगठन की अध्यक्षा साहित्यकार डॉ. सोनाली चक्रवर्ती कार्यक्रम संचालन करेंगी।

### पवन केसवानी को नारद राष्ट्रीय पत्रकारिता सम्मान

**भिलाई।** पवन केसवानी को नारद



राष्ट्रीय पत्रकारिता सम्मान प्रदान किया गया। उन्हें यह सम्मान आचार्य सूर्य सागर द्वारा दिया गया। इस मौके पर देश भर के अनेक जाने-माने साहित्यकार, लेखक, धर्म शास्त्री मौजूद थे। शाश्वत हिंदू जागृति के वड़ोदरा में हुए राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान वरिष्ठ पत्रकार पवन केसवानी को पत्रकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए ये सम्मान दिया गया।

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज का सम्मेलन आज

**भिलाई।** कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच मानव आश्रम सेक्टर एक में कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में रविवार को सुबह 10.30 बजे पारिवारिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि एफएसएनएल भिलाई के मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील दीक्षित और विशिष्ट अतिथि सेल रिफेक्ट्रीज प्लांट के मुख्य महाप्रबंधक विशाल शुक्ल होंगे। सम्मेलन में विवाह योग्य युवक युवितयों को अपने व्यक्तत्व को समाज के सामने रखने के लिए मंच प्रदान किया जाएगा।

### शहर की बसाहट बढ़ने के साथ छोटे पड़ने लगे बस स्टैंड

# बस स्टैंड के लिए तरस रही ट्विनसिटी फोरलेन के किनारे खड़ी हो रहीं बसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

लंबे समय से ट्विनसिटी एक अदद बस स्टैंड के लिए तरस रही है। इस मामले में नगर निगम और जन प्रतिनिधि उदासीन बने हुए हैं। इसका खामियाजा यात्रियों सहित शहर के अन्य संबंधितों को भुगतना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि पिछले बीस पच्चीस साल के दौरान भिलाई दुर्ग दोनों ही शहरों का विस्तार तेजी से हुआ है। ट्विनसिटी के चारों ओर सैकड़ों कालोनियां विकसित हो गई हैं। दोनों शहरों की आबादी पंद्रह से पच्चीस लाख हो गई है। यानि भिलाई दुर्ग के आलावा आसपास के गांवों से भी हजारों यात्री रोज यहां से सफर करते हैं। इस दौरान दोनों ही शहरों के बस स्टैंड छोटे पड़ने लगे हैं। इस कारण यात्रियों के साथ चालक आदि ट्रांसपोर्ट कर्मियों और अन्य लोगों को असुविधा और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके बाद भी भिलाई निगम और दुर्ग नगर निगम प्रशासन द्वारा नये बस स्टैंड निर्माण कराने की जहमत अब तक नहीं उठाई गई है। जबकि करीबन एक दशक पूर्व दुर्ग में नया बस स्टैंड प्रस्तावित है और भिलाई में भी नए बस स्टैंड की मांग पिछले कई साल से की जा रही है। पार्षदों ने जल्द बस स्टैंड निर्माण की मांग की है। भिलाई ननि के पार्षद केशव चौबे बताते हैं कि भिलाई में यात्रियों और बस ट्रांसपोर्ट कर्मचारियों की परेशानी को देखते हुए पावरहाउस के अलावा जल्द एक नए बस स्टैंड का निर्माण किया जाना जरूरी है।

### रोज पांच सौ महानगरीय व रात्रिकालीन लग्जरी बसों की आवाजाही




### दुर्ग में तीसरी बार बदलेगा बस स्टैंड

दुर्ग में नगर निगम द्वारा पिछले एक दशक से पोटियाकला बस्ती के निकट नए बस स्टैंड के लिए स्थल चिन्हांकिया गया था। यहां तीसरी बार होगा, जब बस स्टैंड को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा। हालाकि अब तक यह योजना ठंडे बस्ते में है। वर्तमान बस स्टैंड 45 साल पुराना हो चुका है। यहां से आवाजाही करने वाली लोकल महानगरीय व अंतराज्यीय बसों के लिए जगह छोटी पड़ रही है। यहां से रोजाना करीबन पांच सौ बसें गुजरती हैं। वर्तमान बस स्टैंड के पहले बस स्टैंड पुराना कोतवाली थाना के सामने था। पूर्व पार्षद लिखन साहू ने बताया कि नए शहर में नया बस स्टैंड पोटिया में प्रस्तावित है लेकिन अब तक निगम के पहल नहीं करने से यात्रियों को परेशानी हो रही है।

### छोटा पड़ने लगा पावर हाउस स्टैंड

भिलाई में पिछले साठ साल से पावर हाउस में बस स्टैंड स्थिति है, लेकिन शहर की आबादी बढ़ने से यह क्षमता के मुताबिक छोटा पड़ने लगा है। अब वहां बस कम ठहरने से लोगों ने अवैध कब्जा करके उसे और छोटा कर दिया है। ट्रकों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और गैराज के विस्तार से बसों के ठहरने की जगह ही नहीं बच पा रही है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि 25 साल पूर्व राज्य परिवहन निगम की बसों का संचालन बंद होने के बाद से ही बस स्टैंड अनुपयोगी होने से कब्जों की बाढ़ आ गई है। टिकट बुकिंग आफिस कम प्रतीक्षालय भवन में भिलाई निगम का आफिस तन गया था। बस स्टैंड के छोटा पड़ने से रापनि बसों के बंद होने के बाद से ही महानगरीय बसों और रात्रिकालीन लंबी दूरी के बसों को बाहर फोरलेन के किनारे बतौर बस स्टाफ खड़ा करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि 1995 में 8 माह के लिए बस स्डैंट का संचालन भिलाई निगम के सिटी बस स्टैंड परिसर में भी किया गया था, लेकिन यह प्रयोग सफल नहीं हो सका।

# भारत को आत्मनिर्भर बनाने कार्यकर्ताओं में भरा जोश




हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई के द्वारा अहिवारा विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन मुरमुंडा के मंगल भवन में किया गया। मुख्य अतिथि अभिषेक सिंह पूर्व सांसद राजनंदगांव थे। अध्यक्षता पुरुषोत्तम देवांगन अध्यक्ष भाजपा जिला भिलाई) ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में डोमन लाल कोर्सेवड़ा विधायक अहिवारा, रामजी भारती भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिलाई जिला प्रभारी, पूर्व विधायक अहिवारा सांवला राम डाहरे, पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, सरस्वती बंजारे अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग और रविशंकर सिंह शामिल हुए।

आत्मनिर्भर भारत का प्रस्तावना अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के बीएलए-1 और भाजपा जिला भिलाई के प्रवक्ता प्रेम लाल साहू ने प्रस्तुत किया । पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार विकास की ओर बढ़ रही है। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमको स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना होगा। आज भारत आर्थिक दृष्टिकोण से विश्व में तीसरे स्थान पर पहुंच चुका है। कोई विदेशी हमारे देश का प्रधानमंत्री नहीं चुन सकता, इसके लिए एसआईआर बहुत जरूरी है। रामजी भारती ने कहा कि पार्टी गाइड लाइन के अनुसार कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करना है। 2047 में भारत को विकसित भारत बनाना है तो भारत को आत्मनिर्भर बनाना होगा जिसके लिए हम सब को बूथ स्तर में काम करना पड़ेगा। अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने कहा कि अहिवारा विधानसभा में कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर विधानसभा में विकास की नई गाथा लिखेंगे। जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों का पालन करते प्रत्येक कार्य को करेंगे। चाहे आत्मनिर्भर भारत अभियान हो, चाहे मतदाता गहन पुनरीक्षण का काम हो, अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म जयंती तक प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित है। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता प्रेम लाल साहू ने तथा आभार प्रदर्शन मुरमुंदा मंडल अध्यक्ष कुमन लाल साहू ने किया।

इस अवसर पर अहिवारा नपा उपाध्यक्ष अशोक बाफना, पूर्व नपाध्यक्ष द्वय शशिकांत बघेल व रेख राम बंछोर, जनपद अध्यक्ष धमधा लीमन साहू, जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र यादव, नेता प्रतिपक्ष राम खिलावन वर्मा आदि उपस्थित थे।

# भिलाई रत्न सम्मान से अलंकृत हुए दिनकर बसोतिया



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्स्ट्रीज भिलाई द्वारा आयोजित गौरव दिवस समारोह में पूरे छत्तीसगढ़ से व्यापारी शामिल हुए। कार्यक्रम में व्यापार, उद्योग, महिला सशक्तिकरण एवं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने से जुड़े विभिन्न विषयों पर सारगर्भित सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम में भिलाई चेम्बर के चेयरमेन दिनकर बसोतिया को प्रदेश के सबसे बड़े सेल डीलर होने एवं युवाओं को प्रेरित करने वाले नेतृत्व के लिए भिलाई रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया। वहीं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन ने भिलाई चैंबर के उत्कृष्ट आयोजन की सराहना करते हुए चेंबर रत्न सम्मान प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया।

व्यापार और समाज में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रकाश सांखला, अशोक राठी, सुनील मध्यानी, कांतिलाल बोदरा, शिव चंद्राकर एवं सीए पायल जैन को चेंबर गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चैंबर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि भिलाई चैंबर गौरव दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के व्यापारी समाज की एकजुटता, सम्मान और सामूहिक प्रगति का प्रतीक है। प्रदेशभर से आए व्यापारियों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि चैंबर व्यापार, उद्योग

# रिटेंशन : सैकड़ों उम्रदराज कहां रहें, किराया बढ़ने से असंतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा रिटेंशनधारियों का भारी किराया राशि बढ़ाने से निरंतर असंतोष बढ़ रहा है। यूनियनों ने प्रबंधन से तत्काल बढ़ाई गई राशि वापस लेने की मांग की है। ऐसा नही किए जाने

- जनप्रतिनिधियों ने प्रबंधन पर बढ़ाया दबाव

पर आंदोलन की चेतावनी दी है। वहीं दूसरी ओर रिटंशनधारियों ने सांसद विजय बघेल व पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय से मिलकर राहत दिलाने की मांग की है। दोनों वरिष्ठ नेताओं ने केंद्र व राज्य सरकार से बात कर जल्द समाधान दिलवाने का भरोसा दिलाया है।

बीएसपी प्रबंधन ने टाउनशिप में निवासरत रिटेंशनधारियों व थर्ड पार्टी आदि का आवासीय किराया करीबन तीन गुना बढ़ा दिया है। इससे बीएसपी के सेवानिवृत्त कर्माचारियों में भारी चिंता और असंतोष है। सैकड़ों उम्रदराज रहवासी यह सोचकर परेशान हैं कि इतनी बड़ी राशि वे कहां से जुटाएंगे। क्योंकि सेवानिवृत्ति पर मिली पैसे बच्चों के नौकरी व विवाह आदि में खर्च हो गए। सांसद को तत्काल केंद्र व राज्य सरकार से चर्चा कर समस्या का निदान कराना चाहिए। वहीं दूसरी ओर बीएसपी के रिटेंशन मामले को लेकर दुर्ग सांसद विजय बघेल बीएसपी अधिकारियों के साथ बैठक कर निदान के लिए प्रयास कर रहे हैं। बैठक में पूर्व स्पीकर प्रेम प्रकाश पांडे भी उपस्थित थे। सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह ने बताया कि सांसद विजय बघेल ने बीएसपी कर्मचारियों की गंभीर समस्या को प्रमुखता से रखते हुए अधिकारियों को इस विषय का जल्द न्यायसंगत एवं स्थायी समाधान निकालने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि यदि बीएसपी प्रबंधन द्वारा जनता के हित में न्याय नहीं किया गया, तो वे स्वयं जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर विरोध प्रदर्शन एवं आंदोलन के मार्ग पर चलने को बाध्य होंगे।



### जनविरोधी नीतियों के खिलाफ देवेंद्र का सत्याग्रह शुरू

रिटेंशन स्कीम के नए नियम को वापस लेने सहित सेक्टर 9 हास्पिटल के निजीकरण, मिनिमम वेज और हाउस फाल आल सेकीम को लेकर विधायक देवेंद्र यादव ने आज सिविक सेंटर पार्किंग स्थल पर गांधीवादी तरीके से दो दिवसीय सत्याग्रह शुरू किया। वे बीएसपी प्रबंधन द्वारा हाल ही लिए गए निर्णय और नीतियों को जनविरोधी बताते हुए विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस के स्थानीय नेता और यूनियन के अनेक प्रतिनिधियों ने मंच पर आकर विधायक के शांतिपूर्ण बीएसपी प्रबंधन के निर्णय का विरोध किया है। विधायक देवेंद्र यादव 20 और 21 दिसंबर को गांधीवादी तरीके से उपवास कर रहे हैं। देवेंद्र यादव का कहना है कि बीएसपी प्रबंधन की जनविरोधी नीतियोंके खिलाफ लोगों को एकजुट होकर विरोध करना होगा। प्रबंधन बजट में कटौती कर कार्मिकों, ठेका श्रमिकों, सेवानिवृत्त और पूर्व कार्मिकों को दी जाने वाली शिक्षा, चिकित्सा और आवास जैसे अनिवार्य और महत्वपूर्ण सुविधाओं में कटौती कर रही है। लीज और रिटेंशन स्कीम के तहत आबंटित आवास की शर्तों में बदलाव कर किराए की दर में मनमानी बढ़ोतरी की गई है, लीजधारियों को नोटिस जारी कर आवास खाली करने हेतु दबाव बनाया जा रहा है।

### तत्काल राहत दें : शर्मा

समाजवादी जनता पार्टी (चंद्रशेखर) के राष्ट्रीय महासचिव आरपी शर्मा ने भिलाई इस्पात संयंत्र के रिटेंशनधारियों के भारी किराया वृद्धि को लेकर सांसद विजय बघेल पर शिथिलता बरतने का आरोप लगाया है। अपनी दीर्घ सेवा व पसीने से बीएसपी के विकास में योगदान ने वाले सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मियों को तत्काल राहत दिलाने केंद्र सरकार से बात करने की मांग की है। चेताया है कि यदि सांसद ने दिल्ली जाकर ठोस पहल नहीं की तो लोग सड़क पर उतरेंगे।

# पूर्व मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा रहे धैर्य और निष्ठा के परिचायक : ताम्रध्वज




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

धैर्य और निष्टा के परिचायक रहे पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व राज्यपाल मोतीलाल वोरा की जयंती राजेंद्र पार्क चौक स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा स्थल पर मनाई गई। आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक देवेंद्र यादव, भिलाई मेयर देवेंद्र यादव, दुर्ग के पूर्व महापौर और वर्तमान में कांग्रेस के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल प्रमुख रूप से शामिल हुए।

- स्व. मोतीलाल वोरा की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

कार्यक्रम में पूर्व विधायक और उनके बेटे अरुण वोरा ने जानकारी दी कि कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पत्र के माध्यम से मोतीलाल वोरा के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की उपस्थिति में राजीव भवन रायपुर में भी पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा के कार्यों का स्मरण किया। साथ ही अपने अनुभवों से अवगत कराया। पूर्व महाधिवक्ता कनक तिवारी ने कहा कि उनकी स्मृति में अपने लेखों की एक किताब लिखी है। वह किताब उनकी स्मृति को समर्पित है। कार्यक्रम में उनके बड़े बेटे अरविंद्र वोरा, सुमित व संदीप वोरा, पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, धर्मेंद्र यादव, पूर्व मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, पूर्व विधायक प्रतिभा चंद्राकर, ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व महापौर शंकर ताम्रकार, राजेंद्र साहू, दीपक दुबे, अय्यूब खान, साईं मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, बृजकिशोर शर्मा, शमीम अहमद सहित अन्य मौजूद थे।

### पुलिस कंट्रोल में आयोजित कार्यक्रम में एसएसपी विजय अग्रवाल ने भी की शिरकत

# दुर्ग पुलिस की सटीक जांच से मिली सजा, पुलिस जवान पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

एसएसपी विजय अग्रवाल ने जिले में हत्या, बलात्कार, पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस, अन्य गंभीर मामलों में न्यायालय ने दोषियों को उम्रकैद, सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। ये सभी फैसले पुलिस की सटीक और जांच का परिणाम होने पर भिलाई पुलिस नियंत्रण कक्ष में पुलिस जवानों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान निरीक्षक, उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारियों को पुरस्कृत कर नकद इनाम भी दिया गया। एसएसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि कानून का सही क्रियान्वयन तभी संभव है। जब विवेचना मजबूत, निष्पक्ष और तकनीकी रूप से सुदृढ़ हो। उन्होंने जोर दिया कि दुर्ग पुलिस ने सटीक साक्ष्य और ईमानदार जांच से अपराधियों को सजा दिलाने में सफलता पाई है। एसएसपी ने सभी जांच को भविष्य में ई-साक्ष्य, डिजिटल एविडेंस, तकनीकी साधनों का बेहतर उपयोग करने के निर्देश दिए। प्रकरण में सभी पहलुओं की गहराई से जांच कर 60 से 90 दिनों की निर्धारित अवधि में चालान न्यायालय में पेश किया जाए। थाना नंदिनी नगर के एक मामले में आरोपी सूर्यकांत वर्मा को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। थाना दुर्ग के एक अन्य हत्या प्रकरण में राकेश साहू और अन्य आरोपियों को धारा 302/34 के तहत आजीवन कारावास तथा धारा 307/34 के तहत 7 वर्ष का कारावास दिया गया।

- भविष्य में डिजिटल एविडेंस के उपयोग का निर्देश



### पॉक्सो, बलात्कार और अपहरण में सजा

थाना कुम्हारी के मामले में मनप्रीत सिंह और गायत्री साहू को सामूहिक रूप से उम्रकैद और अर्थदंड से दंडित किया गया। मोहन नगर में आरोपी विनय प्रताप ठाकुर उर्फ ईशु और थाना पुलगांव में शुभम रजक उर्फ सन्नी रजक को हत्या के साथ आर्म्स एक्ट के तहत भी अलग-अलग सजा सुनाई गई। हत्या के प्रयास के मामलों में भी कोर्ट ने सख्ती दिखाई। पदमनाभपुर थाना क्षेत्र में चंद्रशेखर यादव उर्फ चिंटू को तीन मामलों में 7-7 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा दी गई, जबकि पुलगांव में अशोक पारधी को 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। अन्य मामलों में दोषियों को 1 से 10 वर्ष तक की सजा दी गई।

### महिलाओं और बच्चों के मामले में भी मिला न्याय

महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों में दुर्ग पुलिस की जांच ने न्याय सुनिश्चित किया। थाना सुपेला और पुरानी भिलाई के पॉक्सो मामलों में दोषियों को 20-20 वर्ष की सश्रम कारावास दी गई। जबकि उतई थाना क्षेत्र में आरोपी को 10 वर्ष की सश्रम सजा सुनाई गई। बलात्कार और अपहरण से जुड़े मामलों में भी अदालत ने कठोर निर्णय दिए। अपहरण, डकैती और एनडीपीएस मामलों में भी सख्त कार्रवाई की गई। अपहरण के मामलों में पॉक्सो एक्ट के तहत 20 वर्ष तक की सजा दी गई। डकैती के मामलों में सश्रम कारावास के साथ अर्थदंड लगाया गया। जबकि एनडीपीएस प्रकरणों में आरोपियों को कारावास और भारी जुर्माने से दंडित किया गया।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।